


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -21 जबलपुर, मंगलवार 18 फरवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## प्रयागराज महाकुंभ जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस हुई डायवर्ट, कटनी, मुड़वारा में यात्रियों का हंगामा



जबलपुर/कटनी.(आरएनएस)। प्रयागराज महाकुंभ में बढ़े श्रद्धालुओं और ट्रेनों में जगह न मिल पाने के बीच ट्रेनों के रूट बदलने से अब यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है. सोमवार 17 फरवरी की सुबह दुर्ग से चलकर कटनी जंक्शन होते हुए प्रयागराज के रास्ते बनारस होते हुए छपरा जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस के रूट में अचानक परिवर्तन कर दिया गया. ट्रेन मुख्य स्टेशन की जगह मुड़वारा स्टेशन पहुंची तो यात्रियों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया. सुबह कटनी स्टेशन से रिजर्वेशन कराकर यात्रा कर रहे लोगों के मोबाइल पर मैसेज आया और ट्रेन को मुड़वारा से बीना होते हुए कानपुर से बनारस रवाना करने की सूचना दी गई. ट्रेन में प्रयागराज जाने के लिए छत्तीसगढ़ से आए हजारों श्रद्धालु भड़क गए और उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया व नारेबाजी शुरू कर दी. रेल पुलिस व अधिकारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया.

यात्रियों ने कई बार चैन पुलिंग कर रोकी ट्रेन

मुड़वारा रेलवे स्टेशन पर अफरा तफरी का माहौल बना था और लोग नारेबाजी कर रहे थे इसी बीच ट्रेन को ग्रीन सिग्नल दे दिया गया, लेकिन यात्रियों ने जंजीर खींचते हुए ट्रेन रोक दी. यात्रियों को बताया गया कि प्रयागराज में भीड़ की वजह से सारनाथ एक्सप्रेस का मार्ग बदल दिया गया, जिससे यात्री खासे परेशान हुए.

**सारनाथ के बाद गोंदिया-बरौनी ट्रेन का बदला रूट**

सारनाथ एक्सप्रेस के बाद गोंदिया- बरौनी एक्सप्रेस को भी मुख्य स्टेशन कटनी ले जाने की जगह मुड़वारा स्टेशन भेजा गया. इसमें भी प्रयागराज जाने वाले यात्री बड़ी संख्या में सवार थे. उन्हें भी मैसेज के माध्यम से ट्रेन के मुड़वारा होते हुए बीना- कानपुर से रवाना करने की सूचना दी गई थी. इसके चलते यात्री परेशान रहे और प्रयागराज जाने के लिए मुख्य स्टेशन पहुंचे. जिसके चलते कटनी जंक्शन में भी यात्रियों का दबाव एकदम से बढ़ गया और रेल पुलिस के साथ-साथ कोतवाली पुलिस को भी मोर्चा संभालना पड़ा.

## महाकुंभ में भारी भीड़, संगम रेलवे स्टेशन के बाद प्रयागराज जंक्शन बंद करने का ऐलान, सुरक्षा बढ़ाई

प्रयागराज.(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 को लेकर श्रद्धालुओं की लगातार भीड़ बढ़ रही है. महाकुंभ मेले से लेकर स्टेशनों तक भारी भीड़ उमड़ पड़ी है. इसे लेकर संगम रेलवे स्टेशन (दारागंज) के बाद अब प्रयागराज जंक्शन स्टेशन भी बंद कर दिया गया है. प्रयागराज के महाकुंभ में देश विदेश से लोग आ रहे हैं और त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं. मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ बढ़ गई, जिसे कंट्रोल करने में शासन प्रशासन की टीम जुटी है. कोई अप्रिय घटना न हो, इसलिए प्रयागराज जंक्शन स्टेशन बंद कर दिया गया. साथ ही प्रशासन की ओर से लगातार अपील की जा रही है कि कुछ घंटों के बाद श्रद्धालु प्रयागराज जंक्शन न जाएं, क्योंकि यात्रियों की भीड़ की वजह से प्रयागराज जंक्शन बंद कर दिया गया है.

## महाकुंभ के मेला क्षेत्र में फिर आग लगी, एक महीने में आग की पांचवीं घटना, आज भी जबरदस्त भीड़

प्रयागराज. (आरएनएस) प्रयागराज महाकुंभ मेला परिसर में एक बार फिर आग लग गई है. सेक्टर-8 में लगी आग पर दमकल कर्मियों ने काबू पा लिया है. महाकुंभ में पिछले एक माह में यह 5वीं घटना है. 19 जनवरी- सेक्टर 19 में गीता प्रेस के कैंप में आग लगी थी, हादसे में 180 कॉटेज जल गए. 30 जनवरी- सेक्टर 22 में आग लगी थी, जिसमें 15 टेंट जले थे. 7 फरवरी- सेक्टर-18 में आग लगी थी. हादसा शंकराचार्य मार्ग पर हुआ था, जिसमें 22 पंडाल जल गए. 15 फरवरी- सेक्टर 18-19 में आग लगी. इसे बुझा लिया गया है. 17 फरवरी- सेक्टर-8 में आग लगी. इस पर जल्द ही काबू पा लिया गया. महाकुंभ में आज फिर जबरदस्त भीड़ है. दोपहर 2 बजे तक 92.50 लाख श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं. प्रयागराज के सभी 7 एंट्री पॉइंट जाम हो गए हैं. भीड़ के चलते दारागंज स्थित संगम स्टेशन को 26 फरवरी तक बंद कर दिया गया है. महाकुंभ में तैनात अफसरों की ड्यूटी 27 फरवरी तक बढ़ा दी गई है.मेला क्षेत्र में वाहनों की एंट्री पर रोक मेला क्षेत्र में वाहनों की एंट्री फिर से रोक दी गई है. सभी तरह के पास रद्द कर दिए हैं. प्रयागराज से गुजरने वाली 19 ट्रेनों का रूट बदला गया है. वाहनों को संगम से 10-12 किमी पहले बनाई गई पार्किंग में रोका जा रहा है, जिससे लोगों को संगम तक पैदल ही जाना पड़ रहा है. काशी तमिल संगमम में काशी आए तमिलनाडु के मेहमान सोमवार को महाकुंभ पहुंचे. सभी ने एक साथ संगम में स्नान किया. आज महाकुंभ का 36वां दिन है. 13 जनवरी से अब तक 53.88 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं.



## अटल जी की सरलता, विनम्रता और उनके जीवन मूल्य हमें आज भी जीना सिखाते हैं- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल-(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा के अनावरण के साथ ही मुरैना में नया इतिहास लिखा गया है। स्व. वाजपेयी राजनीति के मर्मज्ञ थे। वे सदैव सच्चाई के लिए जिये। वे पूरे भारत को अपना परिवार मानने वाले विराट हृदय व्यक्तित्व थे। स्व. वाजपेयी लोकतांत्रिक परम्पराओं का पालन करने वाले कालजयी महापुरूष थे। उनकी सहजता, सरलता, विन्रमता और उनके जीवन मूल्य हमें आज भी जीना सिखाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुरैना में अटल जी की प्रतिमा अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमने महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह को नहीं देखा, पर अटल जी को करीब से देखा है। उन्हें शत-शत नमन है। देश को लोकतंत्र का एक नायक अटल जी के रूप में मिला। कोई नेता पक्ष में हो या विपक्ष में, एक जैसी भाषा बोले, ये हमने अटल जी के व्यक्तित्व में ही देखा है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने पोखरण में परमाणु परीक्षण कर दुनिया में देश का गौरव बढ़ाया था। अटल जी भारत माता के सच्चे सपूत थे। उन्होंने 50 साल तक विपक्ष में बैठकर लोकतंत्र और संसदीय परम्पराओं को सशक्त करने का अभूतपूर्व कार्य किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल जी ने अपनी कविता में कहा था कि क्या हार में, क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं, संघर्ष पथ पर जो भी मिला, ये भी सही और वो भी सही। स्व. वाजपेयी के योगदान को हमारा देश कभी नहीं भूल पाएगा। पावर्ती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) और केन-बेतवा (केबी) नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना उन्हीं की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उनकी सोच को हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने क्रियान्वित किया है। इसके लिए हम प्रधानमंत्री श्री मोदी का अभिनंदन करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में हमने 70 हजार करोड़ रूपए की नदी जोड़ो परियोजना से मध्यप्रदेश में जल संग्रहण का एक नया अभियान शुरू किया है।



### मोहन यादव की सुरक्षा में चूक, अधिकारी बनकर मंच तक पहुंचा युवक, पुलिस ने पकड़ा तो बोला सीएम के साथ फोटो खिंचाना था

उज्जैन। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा में चूक सामने आई है। दरअसल शनिवार को रुद्रसागर में बने सम्राट अशोक सेतु के लोकार्पण के दौरान मंच तक एक युवक पहुंच गया था। युवक ने कोट-पैंट पहन रखा था। उसके हाथ में वाकी-टाकी व गले में आईडी कार्ड लटका था। शंका होने पर एएसपी ने उससे पूछताछ की तो वह खुद को सीएम का सुरक्षा अधिकारी बताने लगा। संदिग्ध होने पर पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। फिलहाल प्राथमिक जांच में पता चला है कि युवक सीएम के साथ फोटो खिंचवाना चाहता था।

## दिल्ली के नए सीएम के शपथ ग्रहण की आ गई तारीख, भाजपा ने भव्य समारोह की योजना बनाई- सूत्र

नई दिल्ली-(आरएनएस)। सोमवार को सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के 20 फरवरी को ऐतिहासिक मैदान रामलीला मैदान में शपथ लेने की संभावना है। साथ ही, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राष्ट्रीय राजधानी में 27 साल के लंबे सूखे के खत्म होने के उपलक्ष्य में ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के लिए भव्य समारोह की योजना बना रही है।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक 19 फरवरी को दिल्ली में दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का चयन करने के लिए बैठक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व विधायक दल की बैठक के लिए अपने पर्यवेक्षक भेजेगा, जिसमें दिल्ली विधानसभा में सदन के नेता का चुनाव किया जाएगा। सदन का नेता दिल्ली का नया मुख्यमंत्री होगा। सूत्रों ने यह भी कहा कि 20 फरवरी को मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह के साथ राष्ट्रीय राजधानी में नई सरकार का गठन होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री और मंत्री पद के लिए कई नवनिर्वाचित विधायकों के नाम चर्चा में हैं। शीर्ष पद के लिए सबसे आगे माने जाने वाले लोगों में प्रवेश वर्मा शामिल हैं, जिन्होंने नई दिल्ली सीट से चुनाव में आप प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हराया था,

## सीईसी को लेकर पीएम की अगुवाई में बैठक, कांग्रेस ने की केंद्र से ये मांग



नई दिल्ली-(आरएनएस)। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार 8 फरवरी को सेवानिवृत्त होने वाले हैं, उनके उत्तराधिकारी की नियुक्ति के लिए चयन समिति ने एक नाम पर फैसला करने के लिए सोमवार को बैठक की। समिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल हैं। हालाँकि, कांग्रेस ने सुझाव दिया कि सरकार सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई तक सीईसी के चयन के लिए बैठक स्थगित कर दे। कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा कि आज मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के चुनाव से जुड़ी बैठक हुई। कांग्रेस पार्टी का मानना ??है कि चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 19 फरवरी को मामले की सुनवाई होगी और कमेटी का संविधान कैसा हो, इस पर फैसला दिया जाएगा। ऐसे में आज की बैठक टाल देनी चाहिए थी। जबकि राहुल गांधी को बैठक में भाग लेते देखा गया, कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि सीईसी का चयन करने के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को पैनल से हटाकर केंद्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि वह नियंत्रण चाहती है, न कि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता। राजीव कुमार के जाने के बाद, ज्ञानेश कुमार सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त बन जाएंगे,

## दिल्ली-एनसीआर के बाद अब बिहार में भी भूकंप के तेज झटके, लोगों में दहशत, घरों से बाहर निकले

पटना. दिल्ली-(आरएनएस)। एनसीआर में सोमवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए. रिक्टर पैमाने पर भूकंप के तीव्रता चार मापी गयी. वहीं, बिहार के सिवान में भी सुबह 8ः02 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए. रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.0 रही.

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र (एनसीएस) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह पांच बजकर 37 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किए. भूकंप की तीव्रता चार मापी गयी और भूकंप का केन्द्र राष्ट्रीय राजधानी में जमीनी सतह से पांच किलोमीटर नीचे स्थित था. दिल्ली के अलावा फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, गाजियाबाद, नोएडा और उसके आसपास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किये गये. भूकंप के कारण लोगों के घरों के छत के पंखे तेज से हिलने लगे और घरों में रखे बर्तन खड़कने लगे. डर के कारण लोग अपने घरों से बाहर निगल आये. एनसीएस के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.0 मापी गयी. भूकंप का केन्द्र 28.59 डिग्री उत्तर अक्षांश और 77.16 डिग्री पूर्वी देशांतर, जमीनी सतह से पांच किलोमीटर की गहराई पर स्थित था. दिल्ली पुलिस ने किसी तरह की परेशानी होने पर लोगों से आपातकालीन सेवा 112 पर डायल करने की सलाह दी है. अभी तक किसी तरह के जनहानि और नुकसान की कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है. सोशल मीडिया पर अब इस भूकंप से जुड़े और मीम्स तेजी से वायरल हो रहे हैं. अधिकारी ने बताया कि भूकंप आने पर तेज आवाज भी सुनी गई। भूकंप के कारण आए तेज झटकों के कारण दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद की कई ऊंची इमारतों में रहने वाले लोग बाहर निकल आए। नोएडा सेक्टर 20 के ई ब्लॉक में सुबह की सैर पर निकली 50 साल की एक महिला ने कहा, हम लोग बाहर पार्क में टहल रहे थे तो पता नहीं चला। लेकिन काफी तेज था। लोग बाहर आ गए। एक्स पर एक पोस्ट में दिल्ली पुलिस ने कहा, हमें उम्मीद है कि आप सभी सुरक्षित होंगे,



## मथुरा के बांकेबिहारी के दर्शन के लिए भारी उमड़ी भीड़, पांच महिला श्रद्धालु हुईं बेहोश, एक का टूटा पैर



मथुरा.(आरएनएस)। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रविवार को श्रद्धालुओं का दबाव बढने से हालात बेकाबू हो गए. भीड़ के बीच दबकर एक महिला श्रद्धालु का पैर फ्रैक्चर हो गया. उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. वहीं पांच अन्य महिला श्रद्धालुओं की भी हालत बिगड़ गई. लगातार बढ़ रही भीड़ के चलते प्रशासन और सुरक्षा के इंतजाम नाकाफी नजर आए.

होली पर ठाकुरजी के दर्शन के लिए भक्तों का सैलाब वृंदावन पहुंच रहा है. रविवार को अवकाश के चलते श्रद्धालुओं की संख्या इतनी बढ़ गई कि उसे काबू करना मुश्किल हो गया. धक्का-मुक्की के बीच मंदिर परिसर व बाहर तक हालात बेकाबू नजर आए. इस बीच कोलकाता से दर्शन करने आईं नेहा गुप्ता पत्नी संदीप गुप्ता गिर गईं. जब तक उन्हें उठाया तब तक कई श्रद्धालु उनके पैर के ऊपर से गुजर गए. इसे पैर में चोट लग गई. उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनके पैर में फ्रैक्चर होने की बात सामने आई है. दूसरी तरफ दिन भर महिला श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच हालत खराब होती रही. मंदिर दर्शन के दौरान दिल्ली से आईं निकिता पुत्री मनोज भीड़ में बुरी रह फंस गईं. घबराहट के कारण वह बेहोश हो गईं. इसके अलावा कोलकाता निवासी वृद्धा गायत्री और उनकी पुत्री मौनी भी बेहोश हो गईं. तीनों को मंदिर पर मौजूद टीम ने उपचार दिया, जिसके बाद उनकी हालत में सुधार हुआ. शाम को दर्शन के दौरान हापुड़ की तृषा शर्मा पुत्री संजय शर्मा और शीतल पत्नी पिंटू की तबीयत भी भीड़ के चलते बिगड़ गई. चक्कर आने से दोनों गिर गईं. उन्हें भी उपचार देने के बाद वापस भेजा गया.

**पुलिसकर्मी भी भीड़ के बीच रहे बेबस**

बांकेबिहारी मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात पुलिसकर्मी भी भीड़ के चलते बेबस नजर आए. भीड़ इतनी अधिक थी कि पुलिसकर्मी खुद उनके बीच फंसे रहे. श्रद्धालुओं को नियंत्रित करने में उनकी सांसें फूलती रहीं. दरअसल भीड़ को देखते हुए पुलिस के इंतजाम कम पड़ रहे हैं. जब तक प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठाता है, तब तक हालात में सुधार मुश्किल है.

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी

जम्मू-जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर रविवार को हल्की गोलीबारी हुई। सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुलपुर सेक्टर में पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे एलओसी के पार जंगली इलाके से भारतीय सेना की चौकी पर गोलीबारी की गई। अधिकारियों ने बताया कि सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की और गोलीबारी थोड़ी देर में रुक गयी। उन्होंने बताया कि भारतीय पक्ष को कोई नुकसान नहीं हुआ। अधिकारियों ने बताया कि यह अब तक स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी के पीछे पाकिस्तानी सेना का हाथ है या फिर जंगल में छिपे आतंकवादी थे,

## सिंगरौली से प्रयागराज जा रही बोलेरो पलटी, चार की मौत और तीन घायल

सीधी (आरएनएस)। प्रयागराज कुंभ मेले में स्नान करने जा रहे सिंगरौली जिले का वाहन सीधी जिले के अमिलिया थाना क्षेत्र के कैमोर पहाड़ में अनियंत्रित होकर पलट गया। दो लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं दो की सीधी जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई है। सभी मृतक सिंगरौली जिले के जंयत के रहने वाले हैं?।



थाना प्रभारी अमिलिया राजेश पांडे ने बताया कि बोलेरो वाहन 10 से 12 फीट नीचे गिरा था। जैसे ही सूचना मिली देर रात ही मौके पर पहुंच गए। सभी घायलों का रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया। गाड़ी में 8 लोग सवार थे। जिसमें चार लोगों की मौत हुई है। और बाकी सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। इस हादसे में हादसे के दौरान दो लोग घटनास्थल पर ही मारे गए, जबकि दो अन्य की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. घायलों में नीरज वैश्य, कृष्णा साहू और प्रदीप शाह का नाम शामिल है. तीनों को गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है.

हादसा क्यों हुआ?

सड़क सुरक्षा पर सवाल उठे यह हादसा सड़क सुरक्षा और यात्री वाहनों की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है. घटना स्थल पर तत्काल राहत कार्य शुरू किया गया. प्रशासन और स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, जहां उनका इलाज जारी है.




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना गोहलपुर में रात्रि में राकेश चौधरी उम्र 31 वर्ष निवासी गोहलपुर चौराहा पानी की टंकी के पास गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बारदाना का काम करता है रात लगभग 10 बजे उसका भांजा कृष्णा चौधरी उसके घर के सामने आया और पड़ौस में रहने वाला शुभम चौधरी भी घर के सामने से जा रहा था तो शुभम से कृष्णा चौधरी बोला कि तू यहां क्या कर रहा है कहकर गाली गलौज करते हुये झूमाझपटी करने लगा वह शुभम चौधरी को बचाने गया तो कृष्णा चौधरी ने पंच निकालकर उसे दाहिने जांघ मे पंच मारकर चोट पहुँचा दी

**22 वर्ष बाद शुरू हुआ ऐतिहासिक हनुमानताल का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण, विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने किया भूमिपूजन**

# हनुमानताल का जीर्णोद्धार करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी,विकास के साथ विरासत को संजोने का कार्य करेंगे- डॉ अभिलाष पांडे

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर के मध्य उत्तर मध्य विधानसभा अंतर्गत स्थित हनुमानताल तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन विधायक डॉ अभिलाष पांडे एवं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के द्वारा सोमवार को दीनानाथ क्रासिंग हनुमानताल में संपन्न हुआ,कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर प्रमुख रूप से उपस्थित थे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने कहा कि आज उत्तर मध्य विधानसभा के लिए बड़ी प्रसन्नता का विषय है,जिस 5स (शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सेवा और संस्कार)को लेकर हम कार्य कर रहे हैं इस सारे विषयों को लेकर पहले हमने अपने घोषणापत्र में कहा था कि हनुमानताल तालाब का उन्नयन करेंगे, 22 सालों के पश्चात हनुमानताल तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य हो रहा है,तालाब को नियमानुसार खाली करके साफ किया जायेगा एवं इसकी सिल्ट निकालने का कार्य किया जाएगा तालाब को चारों ओर से हम फेंसिंग भी कर रहे हैं इसमें एरियटर्स भी लगा रहे हैं



ताकि पानी साफ रहे.साथ ही रिटर्निंग वॉल के लिए भी हम काम करने वाले हैं यहां पर घूस की बड़ी समस्या है आप देख रहे हैं तालाब के चारों तरफ विभिन्न धर्मों के मंदिर है तथा जैन समाज का आदिनाथ भगवान का मंदिर भी यहां पर है और इस तालाब का उन्नयन करके मेरी मंशा ये है कि जिन तालाब ने, कुओं ने, बावड़ियों ने, चौपड़ों ने हमारी पीढ़ियों को जीवन देने का काम किया है उसको संरक्षित और संवर्धित करके आने वाली पीढ़ी को सौंपना चाहते हैं ये जल स्तर को बनाए रखने के हमारे लिए वरदान हैं इसलिए हनुमानताल तालाब के उन्नयन के लिए आज 67 लाख रुपए का एक टेंडर हुआ है और एक सवा करोड़ रुपए का टेंडर और करवा रहे हैं कुल मिलाकर करीब 1 करोड़ 92 लाख की राशि से तालाब को बहुत सुंदर, भव्य और अच्छा बनायेंगे और यदि मंशा और है तो आने वाले समय में यहां पर वोट भी चलाईं जाएं जिससे लोगों के पर्यटन के साथ साथ आय का स्त्रोत भी बन सके और तालाब को व्यवस्थित रखने में सहायता मिल सके ये हमारे उत्तर मध्य विधानसभा के लिए एक बड़ा मील का पत्थर साबित होने वाला है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि हमारे जनप्रतिनिधियों के द्वारा की कई कोई भी घोषणा और वादा पूरा करना हमारा प्राथमिक कर्त्तव्य है जिसके लिए नगर निगम और पूरी एम आई सी प्राथमिकता से इसके लिए प्रतिबद्ध है विधायक जी ने मुझसे जो भी अपेक्षाएं की हैं निगम की ओर से उसे पूरा करने का हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा और आगे अगर उसमें कुछ राशि की भी आवश्यकता होगी तो उसे भी प्रदान करने की कोशिश की जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि जिस दिन से डॉ अभिलाष पांडे जी ने उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक की शपथ ली है उस दिन से ही इतने कम समय में विकास के अभुतपूर्व कार्य शुरू किए हैं इससे पता चलता है कि जब एक जिम्मेदार और पढ़ा लिखा ऊर्जावान युवा जनप्रतिनिधि बनता है तो किस प्रकार विकास के नए नए आयाम स्थापित करता है,भारतीय जनता पार्टी की देश,प्रदेश और जिले की सरकार तेजी से जनकल्याणकारी कार्यों को कर रही है इसके लिए मैं बहुत धन्यवाद देता हूं। इस दौरान एम आई सी सदस्य राम सोनकर, सुभाष तिवारी,दामोदर सोनी, क्षेत्रीय पार्षद कविता रैकवार, मंडल अध्यक्ष राहुल रजक,जागृति शुक्ला,सपन यादव,पुष्पराज पांडे,जैन समाज से अध्यक्ष कैलाश चंद्र जैन, एवं अग्रवाल समाज अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल,योगेंद्र दुबे,मुकेश यादव,सुशील शुक्ला,सुरेन्द्र पांडे, अजय तिवारी,राजेश ठाकुर, सीताराम सेन,सुधा तिवारी, संतोष लालवानी,मनीष जैन कल्लू, राजकुमार गुप्ता, सोनिया सिंह, प्रतिभा भापकर,वर्षा सेन,आयुष चौबे,मनीष शिवहरे, टिकेंद्र यादव, अंकित पाठक,सनी सोनकर ,पीयूष अग्रवाल, राज रजक,आनंद तिवारी नीतू दुबे आदि पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीयजन उपस्थित थे।

# अंतरक्षेत्रीय विद्युत सांस्कृतिक प्रतियोगिता में केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर का उत्कृष्ट प्रदर्शन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल द्वारा आयोजित 46 वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत सांस्कृतिक प्रतियोगिता में केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर के चार प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए दो स्पर्धा में प्रथम और एक-एक स्पर्धा में क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। निरंजनपुरी गोस्वामी ने शास्त्रीय स्वर वाद्य वादन स्पर्धा में बांसुरी वादन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुगम गायन में शेख गुलाम ने उत्कृष्ट गायन की प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान हासिल किया। काव्य पाठ स्पर्धा में दीपाली श्रेया दुबे ने स्वरचित कविता का पाठ करते हुए द्वितीय स्थान और महेश कुमार नुन्हारिया ने शास्त्रीय गायन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुए विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी।

## भगवान श्री महावीर स्वामी मार्ग, भगवान श्री आदिनाथ स्वामी मार्ग का नामकरण किये जाने की दी गई स्वीकृति - निगमाध्यक्ष रिकुंज विज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महापुरूषों के नाम से मार्गो का नामकरण होगा इस संबंध में नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज के द्वारा निगमायुक्त को पत्र प्रेषित करते हुए बताया गया कि, जन भावनाओं को देखते हुए राइट टाउन स्थित ''धर्मायतन'' जैन मंदिर के मार्ग को ''भगवान श्री महावीर स्वामी मार्ग'' एवं करमेता पाटन रोड़ स्थित जैन मंदिर के प्रवेश मार्ग को ''भगवान श्री आदिनाथ स्वामी मार्ग'' का नामकरण किये जाने हेतु सदन बैठक की पूर्व प्रत्याशा में सहमति प्रदान की गई है।

## बहुत शर्मनाक कदम है ये उत्तर प्रदेश सरकार का क्या यही राष्ट्रवाद है ....?

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सांसद प्रतिनिधि ,पूर्व पार्षद सैय्यद ताहिर अली ने बताया कि शिक्षा विभाग धामूपुर स्थित परमवीर चक्र विजेता ,बलिदानी शहीद अब्दुल हमीद के नाम पर बने विद्यालय का नाम बदल दिया गया , इसी



प्रायमरी स्कूल में शहीद अब्दुल हमीद ने शिक्षा प्राप्त की इस स्कूल का नाम बदल जाने से देश स्तब्ध है उनके परिवार के लोगों ने इस पर आपत्ति जताई है 1965 के भारत पाकिस्तान के युद्ध मै अमेरिका के अजेय समझें जाने वाले सात पैटर्न टैंकों को ध्वस्त किया था वीर अब्दुल हमीद ने प्रायमरी स्कूल 5 वी तक की शिक्षा पढ़ाई इसी स्कूल मै प्राप्त की 1982 मै गांव उच्च प्राथमिक विद्यालय की स्थापना की गई 2019 मै प्राथमिक और जूनियर स्कूलों को मिलाकर कंपोजिट विद्यालय बना दिया गया !! जनपद के 16 ब्लाकों मै पीएमश्री के दो दो विद्यालय चयनित किए गए थे जिसमें धामूपुर का वीर अब्दुल हमीद विद्यालय को 2023 मै चुना गया था, इसी साल जनवरी में पीएमश्री के चयनित विद्यालयों की रंग पुताई हुई और अभी कुछ दिन पूर्व स्कूल के द्वार पर वीर अब्दुल हमीद का नाम हटा कर पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय धामूपुर लिख दिया गया ये बहुत शर्मनाक बात है !! ताहिर अली ने कहा कि परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के नाम पर बने विद्यालय का नाम बदल देना अगर इस बात पर देश भक्तों को बुरा नहीं लग रहा है तो समझ लो उनकी देश भक्ति पर सवाल उठता है ? मै उत्तर प्रदेश सरकार ओर केंद्र सरकार के निवेदन करता हु कि जल्द से जल्द इस निर्णय को वापस ले कर इस विद्यालय का नाम अब्दुल हमीद के नाम पर फिर से किया जाए!

## श्रमोदय विद्यालय में प्रारम्भ हुआ हेल्प प्रोग्राम






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। वर्तमान में परीक्षा के समय में विद्यार्थियों के लिए लाभकारी गतिविधियां आयोजित की जारही है ,उसी के तारतम्य में शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय मंगेली, जबलपुर में हार्टफुलनेस गतिविधि के अंतर्गत कक्षा 9 वी से 12 वी बच्चों के लिए हेल्प प्रोग्राम चलाया जा रहा है। ॥श्वस्क्र का अर्थ है - ॥ यह कार्यक्रम 16 हफ्तों का एक सर्टिफिकेट कोर्स है, जिसमें 16 सेशंस के जरिए विद्यार्थियों को जीवन कौशल और मानवीय मूल्यों की शिक्षा प्रदान करने का प्रयास किया जाता है, हाल ही में हार्टफुलनेस प्रशिक्षकों के द्वारा टाइम मैनेजमेंट, अपनी ताकत को पहचाने, जीवन का वास्तविक लक्ष्य, एग्जाम के स्ट्रेस को कैसे दूर करें, जीवन में बैलेंस कैसे लाएं और शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को कैसे उन्नत किया जाए,

इन विषयों पर बच्चों के सत्र लिए गए। वर्तमान में रिलैक्सेशन और ध्यान के जरिए बच्चों में आंतरिक रूपांतरण का प्रयास किया जा रहा है ह्व कार्यक्रम में हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र संस्था जबलपुर से मुख्य वक्ता श्रीमती आभा जैन (जी.एस.टी. कमिशनर जबलपुर ), एडवोकेट श्री सत्येन्द्र जैन, श्रीमती अंजू चौबे, एवं श्री आनंद परमार के द्वारा विभिन्न विषयों पर अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री अब्दुल साहिर शेख ,वरिष्ट शिक्षक श्री भूपेंद्र सलामे कार्यक्रम प्रभारी श्री भागवत प्रसाद पाण्डेय सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे

# स्वस्थ समाज के लिए स्वच्छता आवश्यक- डॉ पचौरी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्वस्थ समाज के लिए स्वच्छता आवश्यक है अतः आज हम सभी माँ नर्मदा के तट पर यह संकल्प लें कि न सिर्फ अपने आस-पास का वातावरण स्वच्छ रखेंगे बल्कि परिवार, समाज और महासभा के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उक्ताशय के संरक्षक डॉ. गिरीश पचौरी ने सर्वगौड़ ब्राह्मण महासभा के वार्षिक स्नेह मिलन सह वनभोज में व्यक्त किए। पारिवारिक समन्वय, परस्पर सहयोग की पावन भावना से ओतप्रोत परिवार मिलन समारोह में महासभा के समस्त सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। माँ नर्मदा के आंचल में बसे नारायणपुर तिलवारा स्थित शुक्ला फॉर्म हाउस में आयोजित उक्त कार्यक्रम आनंद के कई अमिट स्मृति चित्र अंकित कर गया।

आयोजन के पूर्व सभी परिवारजनों ने माँ नर्मदा के दर्शन-आचमन कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। इसके बाद सबसे

**सर्वगौड़ ब्राह्मण महासभा के वनभोज में बिखरे संस्कृति के रंग**



पहले सांस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें बेबी तृषिका शर्मा, शांभवी शर्मा, कुमुद शर्मा ने आपने भावपूर्व नृत्यों से सभी का मन मोह लिया। तृप्ति शर्मा और गौरी शर्मा का एकल नृत्य कार्यक्रम की शोभा बढ़ा गया। एडवोकेट नरेंद्र शर्मा ने राजस्थानी परिवेश में नृत्य प्रस्तुति और कांता सीठा की हसगुल्ले ने सबको गुदगुदाया। ऋतुराज बसंत की पावन बेला में बासंती परिवेश में सजी-धजी मातृ-शक्ति आयोजन की शोभा बढ़ा रहीं थीं। उनकी सक्रियता और सांस्कृति प्रस्तुतियों ने सबको बांधे रखा। सामाजिक जागरूकता एवं स्वच्छ भारत कार्यक्रम के प्रति समर्पित उक्त आयोजन का संचालन डॉ आरके चतुर्वेदी, सर्वेश्वर शर्मा ने किया। क्विक-10, कपल गेम, तंबोला का सभी ने भरपूर आनंद लिया। मंत्री डॉ. राजेश शर्मा ने महासभा की गतिविधियों की जानकारी दी। एड सुनीत शर्मा, रजनी शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## लामेटाघाट सरस्वतीघाट पुल के लिए 416 वा ज्ञापन आज 25000 नर्मदा भक्तों के हस्ताक्षरों का ज्ञापन आज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा महाकुंभ का आयोजन हुआ जिसमें लाखों की संख्या में नर्मदा भक्तों ने पंचकोशी परिक्रमा की लामेटाघाट सरस्वती घाट का पुल शीघ्र बने 25000 नर्मदा भक्तों के हस्ताक्षर का ज्ञापन 18 फरवरी सुबह 11:00 बजे 416 वा ज्ञापन संभुक्त कार्यालय में अभय वर्मा एवं



कलेक्टर दीपक सक्सेना को दिया जाएगा जिसकी प्रतिलिपि कैबिनेट मंत्री पी डब्लू डी राकेश सिंह मुख्यमंत्री मोहन यादव जी को दी जाएगी उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल डॉ शिवशंकर पटेल पं मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलाब बनी सुरेश विश्वकर्मा कैलाश विश्वकर्मा मोहित तिवारी ने की

## राज्य अल्पसंख्यक आयोग का गठन करने मुस्लिम विकास परिषद ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विगत कई वर्षों से राज्य सरकार द्वारा मप्र अल्पसंख्यक आयोग का गठन नहीं किये जाने पर क्षुब्ध होकर मप्र मुस्लिम विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एड. मो. माहिर खान के आह्वान पर मप्र के संपूर्ण जिलों के मुख्यालय में ज्ञापन दिए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में सोमवार को परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर नदीमा शीरी को मप्र के राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम आयोग गठन किये जाने की मांग वाला एक ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में कहा गया कि कई वर्षों से मप्र में अल्पसंख्यक आयोग का गठन नहीं किया गया है, जिस कारण अल्पसंख्यक वर्ग को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल रहा है।

ज्ञापन देते समय मुस्लिम विकास परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, हाजी मुईन खान, शेख निजामी, अकबर उस्मानी, ताहिर खोकर, फैजान कुरैशी, अलीम मंसूरी, साजिद काजी, इरफान कुरैशी, बब्लू कुरैशी, अहमद रज़ा, एड.निसार अंसारी, गुलाम किबरिया, अशफाक आरिफ, डॉ. निसार अंसारी, मामूर गुड्डू, अब्दुल बाकी खान, हाशिम राजा, अशरफ शिराजी, मो. जावेद, मुख्तार अंसारी, मुज्जफर कुरैशी, इस्तियाक अंसारी आदि उपस्थिति की उल्लेखनीय रही।

## गोंदिया-टुंडला-गोंदिया कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महाकुम्भ-2025 के अवसर पर यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा गोंदिया-टुंडला-गोंदिया कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 01-01 ट्रिप के लिए चलाई जा रही है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के दोनों दिशाओं में कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

गाड़ी संख्या 08867 गोंदिया-टुंडला कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 18 फरवरी 2025 को गोंदिया स्टेशन से सुबह 08:20 बजे प्रस्थान कर, कटनी रात 19:35 बजे, मैहर 20:33 बजे, सतना रात 22:00 बजे एवं अगले दिन प्रयागराज छिवकी मध्य रात्रि 02:05 बजे और सुबह 09:30 बजे टुंडला स्टेशन पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 08868 टुंडला-गोंदिया कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 19 फरवरी 2025 को टुंडला स्टेशन से सुबह 11:30 बजे प्रस्थान कर, प्रयागराज छिवकी सायं 18:50 बजे एवं अगले दिन सतना मध्य रात्रि 00:40 बजे, मैहर 01:18 बजे, कटनी 02:25 बजे और दोपहर 15:20 बजे गोंदिया स्टेशन पहुंचेगी। ठहराव- डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, फतेहपुर, गोविंदपुरी और इटावा।

संरचना- 1 वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय टियर, दो वातानुकूलित 2-टियर, 05 वातानुकूलित 3-टियर, 01 वातानुकूलित इकॉनमी 3-टियर, 06 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 1 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन एवं 1 जनरेटर कार। यात्री मेला स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी रेल मदद 139 अथवा एनटीईएस ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

## प्रस्तावित एडवोकेट एक्ट संशोधन बिल 2025 का पुरजोर विरोध किया जाएगा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश जूनियर लॉयर्स एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक विधि भवन के बेसमेंट चेंबर में आयोजित की गई जिसमें प्रस्तावित एडवोकेट एक्ट संशोधन बिल 2025 के प्रावधानों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई । मध्य प्रदेश जूनियर लॉयर्स एसोसिएशन के अपूर्व त्रिवेदी शुभम अग्रवाल ऋषभ दुबे शुभम मिश्रा विनीत तहंगुरिया आदि ने इस एक्ट के प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक आशीष त्रिवेदी प्रशांत अवस्थी असीम त्रिवेदी एडवोकेट ने इसे अधिवक्ताओं के विरुद्ध केंद्र सरकार का षड्यंत्र निरूपित किया। बैठक में इस अधिनियम के द्वारा अधिवक्ताओं के लोकतांत्रिक अधिकारों पर लगाम लगाने की नीति बनाए जाने का पुरजोर विरोध करने का निर्णय किया गया बैठक में अधिवक्ता अजय द्विवेदी संजय शर्मा जयंत पटेल आशीष तिवारी पंकज तिवारी एस एस ठाकुर ब्रजेश दुबे निर्देश पटेल ऋषी चौकसे शुभम पाटकर आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.**

**लोककर्म विभाग** **प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO- 569 17.02.2025 2025_ UAD 402716_1 | पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड अमखेरा रोड के समीप गलगलिया के घर से अशरफ ठाकुर से लेकर शेरा बोरी तक सड़क निर्माण कार्य। | 03 माह<br>रू. 9.10 लाख | 2000/-<br>9106/- | 03.03.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट http://.mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री ,संभाग क्रं. 14 नगर निगम जबलपुर**



**भोपाल –सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री एवं बेस्ट के सरंक्षक विश्वास कैलाश सारंग ने आगामी 24-25 फरवरी को भोपाल में होने जा रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के संबंध में 'भोपाल एक साथ टीम-क्क्ष्स्ञ्ज' की बैठक लेकर अभी तक किये कार्यों की समीक्षा की। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि यह शहरवासियों के लिये हर्ष का विषय है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में आयोजित होने जा रही है। समिट के दौरान भोपालवासी ही अपने शहर के ब्रांड एम्बेसडर बनें। उन्होंने नागरिकों से आहवान किया है**

# भगवान श्रीराम की परंपरा से जुड़ने वाले लोधा समाज ने अपने संस्कारों, परिश्रम और पराक्रम से प्रदेश के विकास में दिया महत्वपूर्ण योगदान - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल- (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीराम की परंपरा से जुड़ने वाले लोधा समाज ने अपने संस्कारों, परिश्रम और पराक्रम से प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब-युवा-अन्नदाता और नारी के सशक्तिकरण अर्थात ज्ञान पर ध्यान के परिणाम स्वरूप सभी समाज, समर्थ और सक्षम हो रहे हैं और भारतीय संस्कृति एवं सनातन की ध्वजा सर्वत्र लहरा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर ही देश में पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ। लोधा समाज द्वारा प्रदेश की राजधानी में बनाया जा रहा सामाजिक भवन, मांगलिक कार्यक्रमों की आयोजन स्थली बनने के साथ ही समाज के युवाओं को बेहतर शिक्षा और प्रशिक्षण आदि प्राप्त करने के लिए मूलभूत सुविधाएं प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक भवन के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की तथा कहा कि राज्य सरकार सामाजिक गतिविधयों के लिए हर संभव




सहयोग देने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को लोधा समाज के सामाजिक भवन के भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य शासन द्वारा किसानों की आय बढ़ाने और उनकी सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों की जमीन संबंधी सभी कार्य घर बैठे हों, इस उद्देश्य से प्रदेश में साइबर तहसील की व्यवस्था आरंभ की गई है। किसानों को बड़े बिजली के बिलों से मुक्ति दिलाने के लिए सोलर पंप सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। प्रदेश के सभी अंचलों में सिंचाई सुविधा के विस्तार के लिए केन-बेतवा लिंक परियोजना के साथ ही चंबल-कालीसिंध-पार्वती नदियों को जोड़ने का काम शुरू हो गया है। किसानों के लाभ के लिए ही गेहूं का समर्थन मूल्य 2600 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से दूध पर बोनस देने की व्यवस्था भी की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध कराने के लिए औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश में क्षेत्रीय स्तर पर इंडस्ट्री समिट का क्रम आरंभ किया गया।

अब 24-25 फरवरी को भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट होने जा रही है। प्रदेश का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस वैश्विक आयोजन का शुभारंभ करेंगे। देश ही नहीं विदेश के औद्योगिक समूह भी प्रदेश में उपलब्ध पर्याप्त भूमि-जल-ऊर्जा की उपलब्धता के कारण मध्यप्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए उत्साहित हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनने की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम को राज्य सभा सदस्य श्रीमती माया नारोलिया और विधायक श्री रामेश्वर शर्मा ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और समाज के आराध्य लोधेश्वर भगवान के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक भवन के भूमि-पूजन अवसर पर प्रकाशित स्मारिका और किसान की गाथा वार्षिक डायरी का विमोचन किया।

साथ ही समाज के प्रतिभाशाली बच्चों और युवाओं को प्रशस्ति-पत्र भेंट किए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सिवनी मालवा के विधायक तथा अखिल भारतीय लोधा समाज के अध्यक्ष श्री प्रेम शंकर वर्मा ने शॉल श्रीफल भेंट कर अभिवादन कर स्मृति-चिन्ह भेंट किया।

**स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने नरसिंहपुर में की समीक्षा**

# शिक्षा की बेहतरी के लिये स्कूलों का हो नियमित निरीक्षण



भोपाल (आरएनएस) स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि शिक्षा की बेहतरी के लिये स्कूलों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाना चाहिये। इसके लिये जिला शिक्षा अधिकारी व्हाटसअप ग्रुप तैयार करें, जिसमें प्रतिदिन की गतिविधियों का अपडेट और निरीक्षण की रिपोर्ट तैयार की जाये। मंत्री श्री सिंह रविवार को नरसिंहपुर में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में तेन्दूखेड़ा विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल भी मौजूद थे। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि शिक्षकों के प्रशिक्षण का कैलेण्डर बनाया जाये और उसके अनुसार प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाये।

**बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा**

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने हाईस्कूल एवं हायरसेकेण्डरी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि जिले में 87 परीक्षा केन्द्रों पर बोर्ड परीक्षा संचालित होंगी। जिले में इस वर्ष 27 हजार 342 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। मंत्री श्री सिंह ने अधिकारियों को नकल रोकने की सख्त व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

# भोपाल के स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

भोपाल (आरएनएस)। पिपलानी में स्थित एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने ऑफिशियल ईमेल आईडी पर बिल्डिंग को आईईडी ब्लास्ट से उड़ाने की चेतावनी दी। मामला शनिवार सुबह 10.30 बजे हरमन माइनर स्कूल का है। आज स्कूल की छुट्?टी थी, लेकिन स्टाफ के कुछ सदस्य और कुछ छात्रों के परिजन मीटिंग के लिए मौजूद थे। धमकी मिलने के बाद तुरंत ही वे बाहर निकल गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के साथ-साथ मौके पर बॉम्ब और डॉग स्क्वायड की टीम पहुंच गई। जिसके बाद स्कूल की तलाश ली गई।

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बेला-सिलपरा बाईपास सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



भोपाल -(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा में निर्माणाधीन बेला-सिलपरा बाईपास मार्ग का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने बाईपास मार्ग में बनाये जा रहे पुलों के निर्माण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बेला से सिलपरा बाईपास का निर्माण पूरा होने से रीवा शहर में रिंग रोड के दोनों भाग पूरे हो जायेंगे। जबलपुर तथा सतना की ओर से आने वाले एवं सीधी और सिंगरौली को जाने वाले वाहनों को बेला से सीधा मार्ग मिल जायेगा। बाईपास का निर्माण पूरा होने से रीवा में वाहनों का दबाव घटेगा। यह बाईपास रीवा के साथ-साथ सीधी और सिंगरौली जिले के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। इसके निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। निर्माण कार्य में किसी भी तरह की बाधा आने पर तत्काल प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करायें।

# सड़कों के निर्माण को समय.सीमा में पूरा करें- लोक निर्माण मंत्री सिंह

भोपाल-(आरएनएस)लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा है कि सड़कों के निर्माण को समय.सीमा में पूरा किया जाये। निर्माण कार्य में विलंब उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि टाइम एक्सटेंशन नियमों को अधिकारी सख्त बनाये। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह रविवार को इंदौर में इंदौर संभाग की विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री सिंह ने विलंब से चल रहे निर्माण कार्यों पर नाराजगी जताई और समय सीमा निर्धारित करने तथा टाइम एक्सटेंशन नियमों को सख्त बनाने के निर्देश दिए। सभी कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करने के लिए ठेकेदारों और अधिकारियों को कहा। बैठक में मंत्री श्री सिंह ने सभी अधिकारियों से कहा कि लोक निर्माण का अर्थ




लोक कल्याण है और समाज में इंजीनियर एक महत्वपूर्ण घटक है। छोटा या बड़ा कोई भी इन्फ्रास्ट्रक्चर बगैर इंजीनियर की भूमिका के संभव नहीं है। इंजीनियर समाज की एक महत्वपूर्ण इकाई है। मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश भर में चारों तरफ निर्माण कार्य चल रहे हैंए जिससे प्रदेश में प्रगति और विकास की बयार बह रही है। सभी अधिकारी अपने कार्य में गुणवत्ता लायेंए कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें। इंजीनियर साईट पर जाकर फिजिकल मॉनिटरिंग करें और ठेकेदार भी अपने कार्य के पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें। आगामी सिंहस्थ को देखते हुये सभी निर्माण कार्यों में प्रगति लायें। श्री सिंह ने कहा कि जो अधिकारी या ठेकेदार निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करेगा। उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी और जो समय पर अच्छा कार्य करेगा ऐसे अधिकारियों को पुरस्कृत और सम्मानित भी किया जायेगा। बैठक में जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने मूसाखेड़ी चौराहे पर 6 लेन फ्लाय.ओवर पुल के निर्माण कार्यएक्रिस्टल आईण्टीण् पार्क चौराहे पर 6 लेन फ्लाय.ओवर पुल निर्माण का कार्यए सत्यसांई चौराहे पर 6 लेन फ्लाय.ओवर पुल निर्माणए देवास नाका चौराहा पर 6 लेन फ्लाय ओवर पुल निर्माण

## चिकित्सकों के दलों ने 86 सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा निगमकर्मियों विशेषकर स्वच्छता संबंधी कार्यों में संलग्न कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु समय-समय पर शिविरों का आयोजन किया जाकर शिविरों में विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच, औषधी वितरण के साथ ही उपचार एवं स्वास्थ्य के संबंध में सलाह दी जा रही है। इसी तारतम्य में शनिवार को बैरागढ़ गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 86 सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. प्रतिभा मनसूरिया व अन्य चिकित्सकों द्वारा किया गया एवं विभिन्न रोगों की जांच व औषधी वितरण भी किया गया। सोमवार, 17 फरवरी 2025 एवं मंगलवार, 18 फरवरी को ईदगाह गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला मुख्य एवं चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों के आयोजन के क्रम में बैरागढ़ गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में 14 एवं 15 फरवरी 2025 को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में डॉ. प्रतिभा मनसूरिया सहित अन्य चिकित्सकों व सहयोगी स्टॉफ द्वारा 86 सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

**सीहोर के ग्राम सावंतखेड़ी में यादव अहीर समाज धर्मशाला का किया लोकार्पण**

# धर्मशाला सनातन धर्म और सामाजिक परंपराओं का प्रतीक है धर्मशालाएँ-मंत्री श्रीमती गौर

भोपाल-(आरएनएस)पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि सामाजिक सहयोग से तैयार धर्मशालाएं मात्र ईंट गारे का भवन नहीं है, ये सनातन धर्म, परंपराओं, आराध्य भगवान श्री कृष्ण के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रमुख केन्द्र भी है। राज्य मंत्री श्रीमती गौर रविवार को सीहोर के ग्राम सावंतखेड़ी (लक्ष्मीपुर) आष्टा में यादव अहीर समाज धर्मशाला के लोकार्पण एवं जीर्णोद्धार कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि यादव समाज के सामाजिक बंधुओं ने एक संकल्प लेकर समाज की धर्मशाला के निर्माण कार्य को समय पर पूरा किया। धर्मशाला का निर्माण और सामाजिक बंधुओं के योगदान के संगम से यह मिशन पूरा हुआ। उन्होंने



कहा कि हमारे समाज में अपनी सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने और हमारी नई पीढ़ी को सनातन धर्म, संस्कृति और हमारी परंपराओं से परिचित कराने और आत्मसात कराने की दृष्टि से धर्मशालाओं का निर्माण किया जाता था। ग्राम सावंतखेड़ी में भी उसी परंपरा का निर्वाह देखने को मिला है, जिसके लिए मैं अपने सामाजिक बंधुओं का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। इस दौरान आष्टा के विधायक श्री गोपाल सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायक सीहोर श्रीमती रचना डॉ. सुरेंद्र सिंह मेवाड़ा, श्री जीवन सिंह मण्डलोई, श्रीमती दीक्षा सोनु गुणवान, श्री सीताराम यादव, श्रीमती सीमा महेश चौधरी, श्री धारासिंह पटेल, श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## एमपी टूरिज्म बोर्ड को प्रोजेक्ट क्लीन डेस्टिनेशन के लिए मिला स्कॉच अवॉर्ड-2024

भोपाल (आरएनएस)। एमपी टूरिज्म बोर्ड को उसके सतत पर्यटन पहल 'प्रोजेक्ट क्लीन डेस्टिनेशंस' के लिए प्रतिष्ठित स्ह्रष्ट॥ अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने हर्ष जताते हुए कहा कि स्क्क्ञ्क सतत और जिम्मेदार पर्यटन के प्रति प्रतिबद्ध है। हम सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से मध्यप्रदेश को स्वच्छ, हरित और सुरक्षित बनाने के सतत प्रयास कर रहे है। यह अवॉर्ड परियोजना को क्रियान्वित कर रहे सभी हितधारको और अधिकारियों का हौसला बढ़ाएगा। अपर प्रबंध संचालक बिदिशा मुखर्जी ने नई दिल्ली में सिल्वर ओक हॉल, इंडिया हैबिटेट सेंटर में 100वें स्कॉच समिट के दौरान अवार्ड ग्रहण किया। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल द्वारा प्रोजेक्ट क्लीन डेस्टिनेशन का शुभारम्भ फरवरी 2022 में राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा पन्ना जिले से किया गया है। इस परियोजना को कोका-कोला इंडिया लिमिटेड द्वारा वित्त पोषित किया गया है और इसे साहस (स्र॥स्) संगठन द्वारा क्रियान्वित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य ठोस कचरा प्रबंधन, पर्यावरणीय स्थिरता और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा

# ग्रीष्मकालीन सब्जियों की बुवाई के लिए यह उपयुक्त समय-कृषि मंत्री कंषाना

भोपाल (आरएनएस)। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि ग्रीष्मकालीन सब्जियों की पौध की तैयारी व बुवाई का यह उपयुक्त समय चल रहा है। बुवाई 15 फरवरी से 15 मार्च तक कर सकते हैं। ग्रीष्मकालीन सब्जियों लौकी, कद्दू, करेला, तोरई, खीरा, टिण्डा की बुवाई का यह उपयुक्त समय है।

कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार इनके लिए बलुई दोमट मिट्टी, जिसका पीएच मान 6 से 7.5 के मध्य हो उपयुक्त होती है। मृदा जांच रिपोर्ट के आधार पर गोबर की खाद या कम्पोस्ट अथवा रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करें। बुवाई के लिए नालियां या जमीन से उठी हुई क्यारियां तैयार कर लें। खेत में नालियां लगभग 40-50 सेंटीमीटर चौड़ी और 30-40 सेंटीमीटर गहरी बनाएं। दो कतारों में 2 से 4 मीटर की दूरी रखें। बीज दर खीरा के लिए 2 से 2.5 किलोग्राम, लौकी की 4 से 5, करेला की 5 से 6, तोरई की 4.5 से 5, कद्दू की 3 से 4, टिण्डा की 5 से 6, तरबूज की 4 से 4.5 और खरबूज की बीज दर 2.5 किलोग्राम रखें। रोपाई से पूर्व सब्जियों के बीजों को फफूंदनाशक दवा कार्बेंडाजिम + मैन्कोजेब 2 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचार करें।

ज्यादातर बेल वाली सब्जियों में खेत की तैयारी के समय 15 से 20 टन प्रति हेक्टेयर अच्छी सड़ी हुई गोबर की खाद का प्रयोग करें। नत्रजन 80 किलोग्राम, फॉस्फोरस 50 किलोग्राम, पोटाश 50 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से उपयोग करें। ग्रीष्मकालीन भिण्डी बुवाई फरवरी से मार्च तक करें। उन्नत किस्म परभनी क्रांति, अर्का अभय, वीआरओ-5, वीआरओ-6, अर्का अनामिका का चयन करें। पीला मोजेक रोग से बचाव के लिए बीज को बुवाई से पूर्व थायोमिथाक्जाम 30 एफएस मात्रा 10 मिली लीटर या इमिडाक्लोप्रिड 48 एफएस मात्रा 1.25 मिली लीटर प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें। बुवाई के लिए बीज दर 20 से 22 किग्रा रखें एवं कतार से कतार की दूरी 25-30 सेंटीमीटर, पौध से पौध की दूरी 15 से 20 सेंटीमीटर एवं बीज की गहराई 2 से 3 सेंटीमीटर से अधिक न रखें।

# मंडला के हेयरस्टाइलिस्ट विकाश राय ने अपने शहर को किया गौरवान्वित, राष्ट्रीय स्तर पर चुने गए शीर्ष 30 हेयरस्टाइलिस्ट में हुए शुमार

मंडला-(आरएनएस) मंडला के रानू पार्लर के विकाश राय ने गोदरेज प्रोफेशनल स्पॉटलाइट के शीर्ष 30 फाइनलिस्ट के रूप में पहचान बनाकर शहर को गौरवान्वित किया। यह एक ऐसा मंच है जो राष्ट्रीय स्तर पर हेयरस्टाइलिस्टों का सम्मान करता है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के हेयर कलर और हेयर केयर की पेशकश करने वाले प्रमुख पेशेवर हेयर ब्रांड, गोदरेज प्रोफेशनल द्वारा आयोजित गोदरेज प्रोफेशनल स्पॉटलाइट का उद्देश्य है, हेयरस्टाइलिंग से जुड़ी असाधारण प्रतिभाओं की पहचान करना और उनके पेशेवर विकास का समर्थन करना। मुंबई में आयोजित ग्रैंड फिनाले में देश भर से आई प्रविष्टियों में से चुने गए 30 प्रतिभाशाली फाइनलिस्ट शामिल हुए। हर फाइनलिस्ट ने इस शानदार ग्रैंड फिनाले में गोदरेज प्रोफेशनल के सरियल कलेक्शन से प्रेरित क्यूरेटेड हेयर कलर लुक को रैंप पर दिखाया। विकाश ने 29 अन्य फाइनलिस्ट के साथ ग्रैंड फिनाले कार्यक्रम



में भाग लिया और अपने अनूठे हेयर कलर क्रिएशन का प्रदर्शन किया। 30 कुशल पेशेवरों के इस पहले बैच को गोदरेज प्रोफेशनल में क्रिएटिव डायरेक्टर - हेयर, यिआनी सापाटोरी के नेतृत्व में मास्टरक्लास में भाग लेने का अनूठा अवसर मिला जिसमें शैलेश मूल्या, नेशनल टेक्निकल हेड और नजीब-उर-रहमान, टेक्निकल हेड, गोदरेज प्रोफेशनल जैसे मेंटर भी शामिल थे। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के जनरल मैनेजर, अभिनव ग्रांधी ने कहा, 6 मिलियन से अधिक सैलून के साथ, भारत का सैलून उद्योग सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है, फिर भी इसमें प्रतिभाशाली हेयर स्टाइलिस्टों को प्रदर्शित करने के लिए प्लेटफार्मों का अभाव है। गोदरेज प्रोफेशनल स्पॉटलाइट को मिली ज़बरदस्त प्रतिक्रिया पर हमें बेहद गर्व है। यह मंच न केवल प्रतिभाशाली हेयर स्टाइलिस्टों को अपनी रचनात्मकता दिखाने का अवसर प्रदान करता है बल्कि शिक्षा और प्रशिक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। इस पहल के ज़रिये हमारा लक्ष्य है, स्टाइलिस्टों को तेज़ी से प्रतिस्पर्धी बाज़ार में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और अनुभव प्रदान करना। यह भारत के सैलून पेशेवरों की मदद करने और उनके उत्थान के प्रति हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता की दिशा में उठाया गया एक कदम है। इस प्रतिस्पर्धा के प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल में यिआनी सापाटोरी (क्रिएटिव डायरेक्टर - हेयर, गोदरेज प्रोफेशनल); मोनिका बहल (ब्यूटी एंड वेलनेस सेक्टर स्किल काउंसिल की सीईओ); और निर्णायक मंडल की विशेष अतिथि सदस्य के तौर पर अभिनेत्री अदा खान और हेली शाह शामिल थीं। विकाश ने गोदरेज प्रोफेशनल स्पॉटलाइट के माध्यम से, 29 अन्य शॉर्टलिस्ट किए गए हेयरस्टाइलिस्टों के साथ, ब्यूटी एंड वेलनेस सेक्टर स्किल काउंसिल (बीएंडडब्ल्यूएसएससी) द्वारा पेश किए गए %पूर्व प्रशिक्षण मान्यता% (रेकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग) प्रमाणन कार्यक्रम में भाग लिया, जो कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) का पुरस्कार देने वाला निकाय है। हेयरस्टाइलिस्टों को इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) से संबद्ध प्रमाणन प्राप्त हुआ।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।




भगवान श्रीगणेश को समर्पित होता है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा का विशेष महत्व होता है। साथ ही गणेश जी की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए बुधवार का व्रत भी किया जाता है। बता दें कि भगवान गणेश की पूजा करने से जातक के आय, सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है और बिगड़े काम बनने लगते हैं। ऐसे में अगर आप भी जीवन में आने वाले दुखों और संकटों से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो बुधवार को सुबह स्नान आदि करने के बाद विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा करें। वहीं पूजा के दौरान श्रीगणेश को मोदक और दूर्वा जरूर अर्पित करें।



## अवैध अप्रवासियां निर्वासित

अंतत: महिला, पुरुष और बच्चों सहित एक सौ चार अवैध भारतीय अप्रवासियों को लेकर अमेरिकी सैन्य विमान भारत पहुंच गया। अमेरिका में उचित दस्तावेज के बिना रहने वाले इन भारतीयों में पंजाब, हरियाणा, गुजरात, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों के लोग हैं। वैसे तो अमेरिका अवैध अप्रवासियों को निर्वासित करता रहता है, लेकिन राष्टपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल का भारत के लिए यह पहला निर्वासन है। इस संबंध में भारत और अमेरिका के बीच बात भी हो चुकी थी और ऐसा निर्वासन ट्रंप की चुनावी घोषणाओं में भी शामिल था। जहां कुछ अन्य देशों ने ़इस तरह के निर्वासन पर अपनी आपत्ति जताई वहां भारत ने इसे सहज स्वीकार किया है।

कोई भी संप्रभु राष्ट ऐसे अप्रवासियों को बर्दाश्त नहीं कर सकता जो अवैध तरीके से पहुंच कर न केवल उनके आर्थिक संसाधनों पर बोझ बनते हैं, बल्कि कानून व्यवस्था के लिए भी संकट खड़ा करते हैं। अमेरिका सहित यूरोप के बहुत से देश ़इस तरह के अप्रवासन का संकट महसूस कर रहे हैं। स्वयं भारत भी अवैध घुसपैठियों की समस्या का सामना कर रहा है। यहां के राजनीतिक हलकों में हर दिन इसकी गूंज सुनाई देती है। इस समय भारत सरकार की नीति भी अवैध अप्रवासियों को रोकने की है जो पड़ोसी देशों से आकर बस गए हैं।

भले ही इस पर कुछ समूह मानवाधिकार या नैतिकता का प्रश्न खड़ा करें लेकिन भारत के पास स्वयं अपनी स्थिति को देखते हुए इस निर्वासन को अमेरिकी शतरे के साथ स्वीकार करने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। वैसे भारत की जिम्मेदारी यह भी बनती है कि वह दोहरी व्यवस्था को चाक-चौबंद करे।

# आखिर कौन, कैसे और कब तक पाएगा भीड़ से उत्पन्न भगदड़ पर काबू ?

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी शनिवार की रात प्रयागराज महाकुंभ जाने को उतावली भीड़ ने ऐसी भगदड़ मचाई कि लगभग डेढ़ दर्जन लोगों की जान चली गई, जबकि दर्जनाधिक घायल भी हुए। इस बार भी मृतकों में महिलाओं (10) और बच्चों (3) की संख्या ज्यादा रही, जबकि पुरुषों (2) की संख्या उनसे कम रही। वहीं, दर्जनाधिक घायलों में भी लगभग 14 महिलाएं समेत कुल 25 लोग शामिल हैं। ये महज आंकड़े नहीं हैं, बल्कि हमारी संवेदनाशून्य व्यवस्था की विफलता के नमूने मात्र हैं। ऐसी घटनाओं पर आखिर कौन, कैसे और कबतक काबू पाएगा, यह यक्ष प्रश्न ब्रेक के बाद पुन: समुपस्थित है।

ऐसा इसलिए कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में भगदड़ के कई मामले सामने आए हैं। वहीं, इस बार तो महज एक महीने के अंदर ही भगदड़ के दो-दो मामले सामने आ चुके हैं, जो कि प्रशासन के लिए चिंता का विषय है। सवाल है कि जब महाकुंभ की तैयारियों को लेकर उत्तरप्रदेश प्रशासन लगातार डींगें हांक रहा था और केंद्र सरकार अपनी पीठ थपथपा रही थी, तब ऐसी हृदयविदारक घटनाओं का घटित होना उसकी तमाम व्यवस्थाओं पर सवालिया निशान लगा जाता है। सवाल यह भी है कि तमाम सकारात्मक राजनीतिक इच्छाशक्ति के बावजूद इतनी बड़ी प्रशासनिक चुकें कैसे हो गईं।

हैरत की बात तो यह है कि प्रारम्भिक तौर पर मीडिया माध्यमों में रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी ऐसी किसी घटना व हताहतों के बारे में इंकार कर रहे थे, लेकिन सच्चाई अंत में उन्हें भी बयां करनी ही पड़ी। इससे समझा जा सकता है कि उनका सूचना तंत्र कितना विफल या फिर लोकहित विरोधी है। भले ही इन घटनाओं पर बड़े नेतागण और अधिकारियों के द्वारा खेद प्रकट किया गया हो, जिनके पास वैध टिकट होंगे, उन्हें रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल से मुआवजे भी मिल जाएंगे। लेकिन इससे उन परिवारों की व्यथा कम नहीं हो जाती, जिन्होंने अपने परिजनों को खोया है या फिर जिनके परिजन अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं।

बताया गया है कि सभी लोग नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में प्रयागराज के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए खड़े हुए थे। तभी ट्रेन सम्बन्धी उद्घोषणा के बाद प्लेटफार्म पर अफरातफरी और भगदड़ मच गई। ऐसे में सवाल है कि देश की राजधानी नई दिल्ली जैसे मुख्य रेलवे स्टेशन पर रेल प्रशासन ने समुचित व्यवस्था क्यों नहीं की थी। अब भले ही इसकी जांच होगी, पर परिणाम ढाक के तीन पात जैसे ही होंगे!

जाहिर है कि भीड़ और भगदड़ में अन्योन्याश्रय का सम्बन्ध है। लेकिन इनके नियंत्रण के समुचित उपाय कब तक दिखेंगे, किनके नेतृत्व में सब होगा, कुछ पता नहीं। तब तक ब्रेक के बाद होने वाले हादसों पर सवाल उठाते रहिए, चुनाव दर चुनाव राजनीतिक नेतृत्व बदलते रहिए, लेकिन ये अधिकारी हैं, जिनका सिर्फ तबादला होगा। क्योंकि उनकी जानलेवा लापरवाहियों के बावजूद उन्हें जिम्मेदार ठहराने के कानूनी प्रबंध नदारत हैं।

बता दें कि गत 29 जनवरी 2025 को प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 में मौनी अमावस्या से ठीक पहले भी एक दुःखद भगदड़ मची थी, जहां लगभग 30 लोगों की मौत हो गई थी और तकरीबन 60 लोग घायल हो गए थे। दरअसल, महाकुंभ मेले में ये हादसा 29 जनवरी के तड़के हुआ था, जब सभी लोग संगम नोज की तरफ नहाने के लिए जा रहे थे। तब यहां भी लाखों लोगों की भीड़ बेकाबू हो चुकी थी। जिसके बाद आनन-फानन में वीवीआईपी व्यवस्था बदल दी गई और अखाड़ों ने भी मौनी अमावस्या के लिए अपने पारंपरिक %अमृत स्नान% को रद्द कर दिया और दोपहर बाद %अमृत स्नान% किया। इससे भी धार्मिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन सम्बन्धी सवाल उठे थे। यहां भी एक न्यायिक जांच आयोग का गठन करके प्रशासनिक खाना पूर्ति कर दी गई है। इसलिए भीड़ नियंत्रण सम्बन्धी विफलताओं पर जनसामान्य की चिंता ज्यादा बढ़ गई है।

वहीं, गत 8 जनवरी, 2025 को आंध्र प्रदेश के तिरुपति में मची भगदड़ में कम से कम 6 भक्तों की मौत हो गई थी, जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए थे, क्योंकि सैकड़ों लोग तिरुमाला पहाड़ियों पर भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए टिकट पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। बताया गया था कि तब 10 जनवरी से शुरू होने वाले 10 दिवसीय वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए देश भर से सैकड़ों भक्त यहां आए थे। यदि आप पिछले कुछ वर्षों में भारत में हुई प्रमुख भगदड़ की घटनाओं की सूची खंगालेंगे तो पता चलेगा कि साल-दो साल बाद ऐसी घटनाओं की एक लंबी फेहरिस्त है। यदि पिछले दो दशकों की प्रमुख भगदड़ सम्बन्धी घटनाओं पर गौर करें तो 27 अगस्त, 2003 को महाराष्ट्र के नासिक में कुंभ मेले में भगदड़ के दौरान जहां 39 लोगों की मौत हो गई थी वहीं, 140 अन्य घायल हो गए थे। इसी प्रकार 25 जनवरी, 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के वाई शहर स्थित मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ के दौरान 300 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 100 अन्य लोग घायल हो गए थे।

## आयकर कानून के सरल होने से विवाद घटेंगे

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है। नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरुआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा। मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चे पर हो रहा है।

## प्रगति यात्रा के सहारे चुनावी नैया पार उतारने की कोशिश में नीतीश

बिहार में विधानसभा चुनावों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। छह महीने बाद राज्य में चुनाव होने हैं। ऐसे में पक्ष और विपक्ष-दोनों ने चुनावी समर के लिए कमर कस लिया है। इन तैयारियों के बीच एक बात तय है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए एक बार फिर नीतीश कुमार की ही अगुआई में चुनावी मैदान में उतरने जा रहा है। पिछले साल नीतीश और लालू के मिलने की खबरिया कानाफूसी हो रही थी, उन्हीं दिनों पहले अमित शाह और बाद बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दोनों नीतीश के ही चेहरे पर चुनाव लड़ने का ऐलान करने में देर नहीं लगाई। वहीं विपक्षी खेमे की कमान बीमारी के बावजूद लालू यादव ने अपने हाथ में ले ली है। जनता दल से अलग होकर जब से नीतीश कुमार ने अपनी अलग राह चुनी है, बिहार में ज्यादातर जंग लालू बनाम नीतीश ही रही है। सियासी इतिहास गवाह है कि जब भी लालू बनाम नीतीश की जंग होती है, लालू का जंगलराज के भूत का डर बिहार के लोगों को सताने लगता है। इस जंग में लालू की बनिस्बत नीतीश का चमकदार और सुलझा हुआ सामने आ जाता है और सियासी बाजी नीतीश की अगुआई वाले गठबंधन के ही हाथ लगती रही है। एनडीए अगर बिहार की सत्ता से अतीत में कभी दूर हुआ भी है तो उसकी वजह खुद नीतीश का उसका साथ छोड़ना रहा है।

नीतीश कुमार की अगुआई में 2005 में बिहार की सत्ता पर एनडीए के काबिज होने के बाद बिहार की अराजक छवि में तेजी से बदलाव हुआ। शासन की गाड़ी पटरी पर लगातार आती गई। नीतीश के पहले बिहार में बिजली के दर्शन कभी-कभी होते थे, लेकिन बाद में हालात बदले। बिहार की सड़कें देश और दुनिया में अपनी बदहाली के लिए जानी जाती थीं, लेकिन नीतीश ने उन्हें भी बदला। लड़कियों को स्कूल जाने के लिए साइकिलों की सौगात मिली। कभी माफिया, अपहरण और वसूली के लिए बदनाम बिहार की छवि बदलने लगी। इसके बाद नीतीश कुमार की भी नई छवि बनी, उन्हें नया नाम भी मिला, सुशासन कुमार। पंद्रह साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में नीतीश की पार्टी की सीटें घटीं। हाल के दिनों में उनके कुछ बयानों पर सवाल भी उठे, इसके बावजूद बिहार की राजनीति का सबसे चमकदार चेहरा अब भी नीतीश कुमार ही हैं। शायद यही वजह है कि एनडीए एक बार नीतीश कुमार के ही चेहरे के साथ मैदान में उतरने जा रहा है। एनडीए और जनता दल यू को लगता है कि इस जंग में इस बार सियासी कामयाबी दिलाने में मददगार नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा ही हो सकती है। इसलिए सत्ताधारी खेमे की ओर से एक तरफ जहां विकास को मुद्दा बनाने की तैयारी है, वहीं विकास के सिलसिले में नए आयाम जोड़ने को लेकर तेजी से काम हो रहा है। इसी के तहत नीतीश सरकार सड़क और पुल निर्माण जैसे विकास कार्यों को ज़मीन पर उतारने की तैयारी तेज कर दी है। एनडीए के साथ ही बिहार के सियासी जानकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह यात्रा बिहार के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। क्योंकि नीतीश सरकार की नीतियों की वजह से पहले से ही समूचे राज्य में बुनियादी सुविधाओं में तेजी से सुधार हो रहा है।

## शिव मंत्रों का जाप करने से दूर होते हैं रोग और कष्ट, पूरी होगी हर मनोकामना

सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है। सोमवार के दिन भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। बताया जाता है कि भगवान भोलेनाथ बहुत भोले हैं और अपने भक्तों से जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं। वहीं भगवान शिव की पूजा में तरह-तरह की चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। जिससे कि भगवान शिव की कृपा प्राप्त की जा सके। इन सबमें भगवान भोलेनाथ के मंत्रों का जाप बहुत शक्तिशाली माना जाता है। बताया जाता है कि भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने के साथ ही कुछ मंत्रों का जाप करने से रोग-कष्ट और हर तरह की परेशानियां दूर हो जाती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको महादेव के कुछ शक्तिशाली मंत्रों के बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें कि सोमवार के दिन महादेव के इन मंत्रों का जाप करने से जातक के रोग, दोष और सभी संकट दूर हो जाते हैं। इन मंत्रों का जाप करने से कालसर्प दोष, पितृ दोष और राहु-केतु व शनि की पीड़ा से मुक्ति मिल जाती है। जिन लोगों के लिए महामृत्युंजय मंत्र का जाप करना कठिन लगता है उनको लघु महामृत्युंजय मंत्र का जाप करना चाहिए। इससे जातक का असाध्य रोग भी दूर हो जाता है। इन मंत्रों का जाप करने से क्रोध, घृणा, मोह, काम, लोभ, भय, विषाद सब खत्म हो जाता है। साथ ही जातक में साहस और उत्साह पैदा हो सकता है।

## तकलामाकन रेगिस्तान हरा-भरा

विनीत नारायण

हमारे पड़ोसी देश चीन ने पिछले सप्ताह एक बार फिर से सुर्खियां बनाई। इस बार भारत में घुसपैठ नहीं बल्कि भारत और दुनिया भर के लिए एक उदाहरण बना। चीन ने अपने नवाचार द्वारा एक रेगिस्तान को न सिर्फ रोका बल्कि उसे हरा-भरा भी कर दिया। चीन का यह विकास कार्य आज काफी चर्चा में है।

%मौत का सागर' के रूप में जाने जाना वाला तकलामाकन रेगिस्तान 337,600 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसका आकार लगभग पश्चिमी देश जर्मनी के बराबर का क्षेत्र है। इसके विशाल रेत के टीलों और बार-बार आने वाले रेतीले तूफानों ने लंबे समय तक मौसम के पैटर्न को बाधित किया है। कृषि को खतरे में डाला है और मानव स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। जवाब में चीन ने एक व्यापक हरित अवरोध लागू किया है, जिसे रेगिस्तान के किनारों को लॉक करने और इसके नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को स्थिर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इन प्रयासों ने न केवल रेलवे और राजमागरे जैसे महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की रक्षा की है, बल्कि यह भी प्रदर्शित किया है कि टिकाऊ प्रौद्योगिकियां मरुस्थलीकरण का प्रतिकार कैसे कर सकती हैं। सौर ऊर्जा से संचालित सिंचाई पण्रालियों को एकीकृत करके, चीन पृथ्वी पर सबसे कठिन वातावरणों में से एक में वनस्पति को बनाए रखने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग कर रहा है।

तकलामाकन रेगिस्तान के इस व्यापक पहल पर चार दशकों से काम चलाया गया। ग्रीनबेल्ट का पहला 2,761 किलोमीटर का काम कई वर्षों में पूरा हुआ, अंतिम चरण नवम्बर 2022 में शुरू हुआ, जिसमें रेगिस्तानी चिनार, लाल विलो और सैक्सौल पेड़ों जैसी लचीली, रेगिस्तान-अनुकूल प्रजातियों को रोपने के लिए 600,000 श्रमिकों को एक साथ लाया गया-जो शुष्क परिस्थितियों में जीवित रहने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते हैं। ये पौधे कई उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं: वे खिसकती रेत को सहारा देते हैं, रेगिस्तान के विस्तार को धीमा करते हैं और स्थानीय समुदायों को आर्थिक लाभ प्रदान करते हैं। यह परियोजना इतिहास में सबसे महत्त्वाकांक्षी पुनर्वनीकरण प्रयासों में से एक का प्रतिनिधित्व करती है, जो दुनिया भर में भूमि क्षरण से निपटने के लिए एक नई मिसाल कायम करती है।

उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में ग्रीनबेल्ट का प्राथमिक लक्ष्य मरुस्थलीकरण को रोकना है, यह परियोजना दीर्घकालिक आर्थिक अवसर भी पैदा कर रही है। कुछ नये लगाए गए पेड़, जैसे कि रेगिस्तानी जलकुंभी में औषधीय गुण होते हैं,

## गणेश जी की पूजा के समय करें इन शक्तिशाली मंत्रों का जाप, विघ्नहर्ता हर लेंगे सभी कष्ट

भगवान गणेश की पूजा करने से जातक के आय, सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है और बिगड़े काम बनने लगते हैं। पूजा के दौरान श्रीगणेश को मोदक और दूर्वा जरूर अर्पित करें। वहीं पूजा के समय भगवान गणेश के मंत्रों का जाप जरूर करें।

हिंदू धर्म में बुधवार का दिन भगवान श्रीगणेश को समर्पित होता है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा का विशेष महत्व होता है। साथ ही गणेश जी की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए बुधवार का व्रत भी किया जाता है। बता दें कि भगवान गणेश की पूजा करने से जातक के आय, सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है और बिगड़े काम बनने लगते हैं।

ऐसे में अगर आप भी जीवन में आने वाले दुखों और संकटों से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो बुधवार को सुबह स्नान आदि करने के बाद विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा करें। वहीं पूजा के दौरान श्रीगणेश को मोदक और दूर्वा जरूर अर्पित करें। वहीं पूजा के समय भगवान गणेश के मंत्रों का जाप जरूर करें। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भगवान गणेश के मंत्रों के बारे में बताने जा रहे हैं।

## मुस्लिम मत भाजपा की ओर

अवधेश कुमार

भाजपा जब भी कोई चुनाव जीती है मुस्लिम मतों को लेकर विश्लेषण सामने आते हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के साथ टीवी चैनलों से लेकर समाचार पत्रों, वेबसाइटों, यूट्यूब चैनलों पर ऐसी ध्वनियां निकल रही है कि मुसलमानों के एक बड़े वर्ग ने उसके पक्ष में मतदान किया।

क्या वाकई ऐसा हुआ है? इमामों का एक संगठन चलाने वाले मौलाना ने मतदान के बाद वीडियो जारी करते हुए कहा कि मैंने भाजपा को मत दिया है। वे टीवी चैनलों पर दिखते हैं इसलिए उनका चेहरा मोटा-मोटी पहचाना है और भाजपा एवं संघ के विरुद्ध उनकी कट्टरता भी सब सामने है। उन्होंने कहा कि मैंने वोट इसलिए दिया क्योंकि कहा जाता है कि मुसलमान एकजुट होकर भाजपा के विरुद्ध मतदान करते हैं।

इस धारणा को तोडने् के लिए मैंने वोट दिया। उन्होंने दूसरा कारण आप के द्वारा मुसलमानों के खिलाफ आचरण को बताया। दरअसल, दिल्ली में केजरीवाल द्वारा घोषित इमामों का वेतन चुनाव तक 18 महीना से नहीं मिला था। इनका संगठन उसके लिए धरना प्रदशर्न कर रहा था, जिसका संज्ञान तक केजरीवाल और उनके साथियों ने नहीं लिया। क्या उनके अलावा किसी अन्य बड़े मुस्लिम चेहरे ने सामने आकर परिणाम के पहले घोषित किया कि उन्होंने भाजपा को मत दिया है? भाजपा की जीत के बाद लोग टीवी कैमरों के सामने आए और कह दिया कि हम नरेन्द्र मोदी जी और योगी जी अच्छा शासन चला रहे हैं, इसलिए समर्थन दिया है।

दरअसल, मुस्लिम प्रभाव वाले मुस्तफाबाद और जंगपुरा सीट पर भाजपा की विजय के बाद से यह ध्वनि ज्यादा गुंजित हुई है। ये दोनों क्षेत्र मुस्लिम प्रभाव वाले हैं। अभी तक धारणा थी कि बगैर उनके समर्थन के कोई उम्मीदवार चुनाव जीत नहीं सकता। दिल्ली में 11-12 ऐसे क्षेत्रों में मुस्लिम मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। इसके अलावा भी 7-8 क्षेत्रों में मुसलमानों का प्रभाव है। इनमें चार सीटें भाजपा ने जीती हैं। किंतु इसके अलावा ये सारी सीटें एकपक्षीय आप को गई है। पहले मुस्तफाबाद को देखें। मुस्तफाबाद में भाजपा के मोहन सिंह बिष्ट ने आप के आदिल अहमद खान को 17 हजार 578 वोटों से हराया।

यहां एआईएमआईएम के उम्मीदवार और 2020 दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को 33 हजार 474 वोट मिला और कांग्रेस के अली मेहंदी को केवल 11 हजार 763। ताहिर हुसैन ने जब कहा कि आपकी लड़ाई हमने लड़ी और आपके कारण जेल में हैं तो मुसलमानों के एक बड़े वर्ग की सहानुभूति मिली। ताहिर हुसैन को इतना वोट नहीं मिलता तो बिष्ट नहीं जीत पाते। आप सोचिए, कांग्रेस के उम्मीदवार को इतना कम मत मिला। जंगपुरा में तरविंदर सिंह मारवाह किसी तरह 675 मतों से पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को हरा पाए। मुस्लिम मतदाताओं ने तरविंदर के पक्ष में मतदान किया होता तो जीत का अंतर ज्यादा होता। उनकी और पारिवार कि पृष्ठभूमि कांग्रेस की है। इस कारण मुस्लिम वोट उनको मिलता रहा है। इस बार आंकड़े ऐसा नहीं बताते। कांग्रेस के मुस्लिम मत काटने का उनको लाभ मिला।

ईमानदारी से विश्लेषण किया जाए तो साफ दिखाई देगा कि 2020 के दंगों में मुस्लिम नेताओं की भूमिका देखने के बाद गैर मुसलमानों के बीच थोड़ी एकजुटता हुई। दूसरे, पिछले लोक सभा चुनाव एवं महाराष्ट्र व हरियाणा विधानसभा चुनाव में राजनीतिक, मजहबी मुस्लिम नेताओं, शीर्ष मुस्लिम व्यक्तियों के द्वारा वोट को इस्लाम और दीन का विषय बनाने तथा भाजपा के विरुद्ध मतदान करने के फतवे आदि के कारण एकजुटता का सुदृढ़ीकरण हुआ है। केजरीवाल इसे भांपते हुए ही हिन्दुत्व पर मुखर हुए तथा पुजारियों और ग्रंथियों तक को 18 हजार रुपये वेतन देने की घोषणा की। जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने वंदे मातरम और भारत माता की जय का नारा लगाया तथा भाजपा की ही तरह भारत को विश्व गुरु एवं महाशक्ति बनाने के लिए भाजपा को हराने का हवन कर दिया। इस कारण हिन्दुत्व के मुद्दे पर वैसी क्षति नहीं हुई जैसी इंडिया गठबंधन के अन्य दलों को हो रही है। दिल्ली में सबसे बड़ी दो जीत आप को मिली और वह मुस्लिम प्रभाव वाले क्षेत्र में ही। आप प्रत्याशी आले मुहम्मद इकबाल को मटियामहल से 42 हजार 724 वोट के अंतर से सबसे बड़ी जीत हासिल हुई। सीलमपुर से आप के चौधरी जुबैर अहमद 42 हजार 477 मतों से जीते जो दूसरी बड़ी जीत है।

इससे पता चलता है कि मुस्लिम वोटो का रु ख क्या रहा? मटियामहल से आले मुहम्मद ने भाजपा की दीप्ति इंदौर को हराया। आले को 58 हजार 120 और दिप्ती को केवल 15 हजार 396 मत मिला। यहां कांग्रेस के असीम अहमद को केवल 10 हजार 295 मत मिला। सीलमपुर में चौधरी जुबैर को 79 हजार 09 और भाजपा के अनिल शर्मा को 36 हजार 532 मत मिले और कांग्रेस के अब्दुल रहमान 16 हजार 551 तक सिमट गए। चांदनी चौक के 10 विधानसभा सीटों में चार मुस्लिम बहुल हैं। चारों में एक भी भाजपा नहीं जीत सकी। बल्लीमारान में भाजपा के पाषर्द कमल बागड़ी को केवल 27 हजार 181 और दिल्ली कांग्रेस के प्रमुख मुस्लिम चेहरे और जाने-माने नेता हारून यूसुफ भी 13 हजार 569 मत पा सके जबकि आप के इमरान हुसैन को 57 हजार 04 मत मिला। सदर बाजार में आप के सोमदत्त को 56 हजार 177 वोट मिला और उन्होंने भाजपा के मनोज कुमार जिंदल को 6307 वोट से हराया। यह भी मुस्लिम प्रभाव वाले क्षेत्र है, लेकिन यहां हिन्दुओं और गैर मुसलमानों की भी बड़ी आबादी है। इस कारण मनोज जिंदल ने 49 हजार 870 मत पाया और कांग्रेस के अनिल भारद्वाज को 10 हजार 057 ही मिला।

इस तरह मतों के आंकड़ों का विश्लेषण करेंगे तो कहीं नहीं दिखेगा कि मुस्लिम मत भाजपा की ओर गया। भाजपा के सदस्य तथा एक दो प्रतिशत कहीं मतदान कर दें तो अलग बात है, अन्यथा मुस्लिम मतों की प्रवृत्ति भाजपा को हराने की ही रही। दरअसल, अलग-अलग मुस्लिम संगठनों, इमामों , मौलवियों, मुल्लाओं, मुस्लिम बुद्धिजीवियों, एक्टिविस्टों आदि प्रमुख चेहरों ने हिन्दुत्व विचारधारा के साथ भाजपा की इस्लाम विरोधी, दीन विरोधी छवि बना दिया है। इस कारण उनका वोट मिलना तत्काल मुश्किल है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने लिए लक्ष्य तय करते समय वर्तमान स्थिति पर जरूर ध्यान दें। जितने अधिक उलझन में रहेंगे, आपकी कार्यक्षमता कम होती हुई नजर आएगी।

वृष राशि: आज आपका दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे। घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। इस राशि के एग्रोकेमिकल व्यापारी को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे रुके काम आसानी से हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज जिन लोगों के विरोध की वजह से आपके काम में रूकावट आ रही थी आज वह समाप्त हो जाएगी।

सिंह राशि:आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके कठिन परिश्रम का अच्छा फल आपको मिलेगा इससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा।

कन्या राशि:आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अगर आपकी सरकारी कार्यवाही चल रही है तो आज आपको समाधान मिल सकता है। आज ऑफिस में बॉस को इम्प्रेस करने के लिए आपको थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है।

तुला राशि:आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे।

वृश्चिक राशि:आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर.. पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा।

धनु राशि: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के टेक्सटाइल व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। जिससे आपका आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा।

मकर राशि: आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। लम्बे समय से सोचा हुआ काम आज पूरा हो जाएगा जिससे आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कोई निर्णय लेने से पहले उससे संबंधित सभी पहलुओं पर उचित सोच-विचार करेंगे।

मीन राशि:आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही कोई बिजनेस करने की सोच रही हैं उनके लिए आज



सोमवार को सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के 20 फरवरी को ऐतिहासिक मैदान रामलीला मैदान में शपथ लेने की संभावना है। साथ ही, भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) राष्ट्रीय राजधानी में 27 साल के लंबे सूखे के खत्म होने के उपलक्ष्य में ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के लिए भव्य समारोह की योजना बना रही है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक 19 फरवरी को दिल्ली में दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का चयन करने के लिए बैठक कर सकते हैं।

# गौरव गोगोई की पत्नी के पाकिस्तानी संगठनों से संबंधों पर हिमंता बोले - ये पुराने और गहरे हैं

गुवाहाटी (आरएनएस)। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस नेता गौरव गोगोई और उनकी ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न को पाकिस्तानी संगठन से जोड़ने वाली रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गौरव गोगोई को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उनकी पत्नी ने भारत की नागरिकता हासिल की है या नहीं और उन्हें अपनी पत्नी के आईएसआई के साथ जुड़े होने के आरोपों पर भी जरूर सफाई देनी चाहिए।

हिमंता बिस्वा सरमा ने गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न पर सवाल उठाते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया था, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े होने के आरोप, युवाओं को पाकिस्तान दूतावास ले जाकर उनके विचार बदलने और कट्टरता बढ़ाने की कोशिश, पिछले 12 वर्षों से भारतीय नागरिकता न लेने का मामला ङ्क ये सभी गंभीर सवाल हैं जिनका जवाब देना जरूरी है। इसके अलावा, धर्म परिवर्तन के गिरोह में शामिल होना और राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करने के लिए बाहरी स्रोतों से, जिसमें जॉर्ज सोरोस भी शामिल हैं, धन प्राप्त करना भी बड़े चिंताजनक मुद्दे हैं। ऐसे मामलों में जवाबदेही से बचना आसान नहीं होगा। जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ना या दूसरों पर आरोप लगाकर ध्यान भटकाने की कोशिश करना कोई समाधान नहीं है। देश को सच्चाई और पारदर्शिता की जरूरत है।

हिमंता बिस्वा सरमा ने शनिवार को पाकिस्तान के अली शेख के एक एक्स पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। अली शेख ने इस पोस्ट में गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ को भी टैग किया हुआ था। इस पोस्ट में अली शेख ने गौरव गोगोई द्वारा संसद में दिल्ली दंगों पर चर्चा करने और फिर स्पीकर द्वारा उन्हें निलंबित करने की बात का जिक्र किया था। अली शेख का पोस्ट इस प्रकार था- गौरव गोगोई और छह अन्य सांसदों को संसद से निलंबित कर दिया गया। उन्होंने आम जनता के हक में आवाज उठाई थी। गौरव गोगोई ने कहा, 卐मुझे निलंबित कर दें, लेकिन दिल्ली दंगों पर चर्चा जरूर करें।卐

इस पर हिमंता बिस्वा सरमा ने एक अन्य एक्स पोस्ट के जरिए शनिवार को प्रतिक्रिया दी, 卐लीड पाकिस्तान के अली शेख ने भारत विरोधी प्रचार किया था। वह एलिजाबेथ कोलबर्न के सहयोगी और वरिष्ठ हैं। उन्होंने माननीय सांसद को टैग कर सराहना भी की जब उन्होंने संसद में दिल्ली दंगों 2020 का मुद्दा उठाया। जी हां, ये संबंध गहरे और लंबे समय से जुड़े हुए लगते हैं।अली शेख इससे पहले भी भारत के खिलाफ कई तरह की सोशल मीडिया पोस्ट कर चुका है। उसने एक बार कहा था, असल समस्या सिर्फ यह नहीं है कि बांग्लादेश से अवैध प्रवासी असम के रास्ते भारत आ रहे हैं, बल्कि यह है कि बंगालियों के प्रति स्थानीय विरोध और भाजपा के हिंदू राष्ट्रवाद का मुस्लिमों के खिलाफ एजेंडा एक साथ मिल रहे हैं। भारत अपने ही लोगों को नागरिकता से वंचित क्यों कर रहा है? अली शेख ने कोविड-19 के समय में भी कहा था, कोरोना वायरस को लेकर भारत की प्रतिक्रिया में इस्लामोफोबिया की झलक दिखती है। इस घटनाक्रम पर सरमा ने पत्रकारों से कहा, कांग्रेस नेता को अपनी पत्नी की नागरिकता और उनके पाकिस्तान में पहले किए गए पेशेवर कार्यों पर सफाई देनी चाहिए। इसके अलावा, उन्हें यह भी बताना चाहिए कि उन्होंने विदेश मंत्रालय को जानकारी दिए बिना पाकिस्तानी उच्चायुक्त से मुलाकात क्यों की? मुख्यमंत्री ने इससे पहले कहा था कि गौरव गोगोई ने पाकिस्तान उच्चायोग से मुलाकात के बाद संसद में रक्षा और सुरक्षा से जुड़े सवाल उठाए।




भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड के रांची में बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जयंती समारोह में भाग लिया।



केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह नई दिल्ली में भारत मंडपम में भारत टेक्स 2025 का दौरा करते हुए। साथ में विदेश और कपड़ा रा%य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा भी इस अवसर पर मौजूद हैं।

# उपराष्ट्रपति ने सीबीआई निदेशक की नियुक्ति पर उठाए सवाल, कहा-इसमें सीजेआई का क्या काम?

नई दिल्ली(आरएनएस)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कार्यकारी नियुक्तियों में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के शामिल होने पर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि सीजेआई केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक या किसी अन्य कार्यकारी नियुक्ति के चयन में कैसे हिस्सा ले सकते हैं।

धनखड़ का ये बयान ऐसे वक्त आया है, जब 17 फरवरी को देश के अगले मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के चयन के लिए बैठक होना है।

धनखड़ भोपाल में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में छात्रों को संबोधित कर रहे थे।

धनखड़ ने कहा, भारत जैसे देश या किसी भी लोकतंत्र में सीजेआई सीबीआई निदेशक के चयन में कैसे भाग ले सकते हैं? क्या इसके लिए कोई कानूनी तर्क हो सकता है? इस तरह की प्रक्रिया इसलिए बनी थी, क्योंकि पहले की कार्यपालिका ने न्यायिक फैसले के आगे घुटने टेक दिए थे, लेकिन अब इन पर पुनर्विचार का दौर है। यह निश्चित रूप से लोकतंत्र के साथ मेल नहीं खाता। हम सीजेआई को कार्यकारी नियुक्तियों में कैसे शामिल कर सकते हैं?

उपराष्ट्रपति ने कहा, हमारा संविधान देश की सुप्रीम कोर्ट को संविधान की व्याख्या करने की अनुमति देता है, लेकिन व्याख्या के बहाने अधिकारों का हनन नहीं हो सकता। कोर्ट की सार्वजनिक उपस्थिति मुख्य रूप से निर्णयों के माध्यम से होनी चाहिए। निर्णय अपने आप में बोलते हैं। इनका वजन होता है। निर्णयों के अलावा कोई अन्य प्रकार की अभिव्यक्ति संस्थागत गरिमा को कमजोर करती है। मैं मौजूदा स्थिति पर पुनर्विचार चाहता हूं।

अगले सीईसी के चयन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल की 3 सदस्यीय पैनल की बैठक होगी। इस मामले सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की गई है, जिसमें इस तरह की नियुक्ति में पैनल में सीजेआई को शामिल करने की मांग की गई है।

बता दें कि पहले सीजेआई सीईसी के चयन के लिए बने पैनल का हिस्सा होते थे, लेकिन 2023 में कानून बदल दिए गए।

धनखड़ ने कहा, संविधान सभा ने लोकतंत्र के लिए जो उच्च मानक तय किए थे, वे आज कमजोर पड़ रहे हैं। हम लोकतंत्र के मंदिरों (संसद) में हंगामा और बाधाएं कैसे स्वीकार कर सकते हैं? जनता के प्रतिनिधियों को अपने संवैधानिक जिम्मेदारियों का पालन करना चाहिए। राष्ट्रीय हित को दलगत राजनीति से ऊपर रखना चाहिए और टकराव के बजाय सहमति का मार्ग अपनाना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने मूल संरचना सिद्धांत पर चल रही बहस पर भी बात की।

**परमाणु ऊर्जा का पावरहाउस बनेगा भारत: केंद्रीय मंत्री**

नई दिल्ली-केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने हाल ही में कहा कि विकसित भारत के लिए परमाणु ऊर्जा मिशन की शुरुआत घरेलू परमाणु क्षमताओं को बढ़ाने, निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने और एडवांस्ड परमाणु टेक्नोलॉजी को स्थापित करने की एक बड़ी योजना की रूपरेखा तैयार करती है।

## अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ीं, अब सीवीसी ने दिए शीशमहल की जांच के आदेश

नई दिल्ली(आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ना शुरू हो गई हैं।

केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने भाजपा की ओर से केजरीवाल के मुख्यमंत्री आवास यानी शीशमहल के रिनोवेशन पर किए गए खर्च को लेकर लगाए गए आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले में नवंबर 2024 से ही सीवीसी के आदेश पर जांच चल रही थी। अब केजरीवाल पर शिकंजा कसता नजर आ रहा है।

सीवीसी ने केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) को उन आरोपों की विस्तृत जांच करने के लिए कहा है, जिनमें कहा गया है कि 40,000 वर्ग गज (करीब 8 एकड़) जमीन में आलीशान बंगले (शीशमहल) के निर्माण में भवन निर्माण नियमों का उल्लंघन किया गया है।

बता दें कि इस मामले में पहली बार 14 अक्टूबर, 2024 को भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने सीवीसी में शिकायत दी थी। उसके बाद सीवीसी ने सीपीडब्ल्यूडी को प्राथमिक जांच के आदेश दिए थे। सीवीसी को दी गई शिकायत में गुप्ता ने आरोप लगाया था कि राजपुर रोड पर प्लॉट नंबर 45, 47 और 2 बंगले 8-ए और 8-बी को ध्वस्त कर दिया गया



इंफाल में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद कंगला गेट पर सुरक्षाकर्मी पहरा देते हुए।

## कनाडा की सबसे बड़ी चोरी का आरोपी चंडीगढ़ में, 173 करोड़ रुपये का सोना चुराया था

चंडीगढ़(आरएनएस)। कनाडा के इतिहास की सबसे बड़ी चोरी का मुख्य आरोपी सिमरन प्रीत पनेसर चंडीगढ़ में एक किराए के घर में रह रहा है। पनेसर एयर कनाडा एयरलाइन का पूर्व मैनेजर है और कनाडा में करीब 173 करोड़ रुपये की चोरी में शामिल रहा है। पनेसर चंडीगढ़ के बाहरी इलाके में अपनी पत्नी के साथ रह रहा है और पारिवारिक कारोबार संभाल रहा है। कनाडा ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर रखा है।

रिपोर्ट के मुताबकि, अप्रैल 2023 में टोरंटो के पियर्सन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के कार्गो टर्मिनल से 400 किलोग्राम की 6,600 सोने की छड़ें और लगभग 2.5 मिलियन डॉलर की विदेशी मुद्रा चोरी हो गई थी।

यह सामान स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख से एक विमान में आया था और कार्गो में आते ही कुछ ही घंटों के भीतर गायब कर दिया गया था। इस पूरी वारदात में पनेसर समेत 9 आरोपी शामिल थे। सूत्रों ने कनाडा की पील क्षेत्रीय पुलिस के दस्तावेजों के हवाले से बताया है कि मामले पर बीते एक साल से 20 अधिकारियों की टीम जांच में जुटी है।

टीम ने कई लोगों से पूछताछ की, रिकॉर्ड खंगाले और सीसीटीवी कैमरों से फुटेज जुटाई।

# ‘लव जिहाद’ पर कानून ला रही सरकार, होंगे सख्त नियम

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र सरकार ने जबरन धर्मांतरण और ‘लव जिहाद’ के मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए इस पर कानून बनाने के लिए एक सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति राज्य में वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करेगी और इस संबंध में उचित कानूनी उपायों की सिफारिश करेगी। इस समिति का नेतृत्व महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) करेंगे। इसमें महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण, विधि एवं न्यायपालिका, सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग के सचिव और गृह विभाग के दो प्रतिनिधि शामिल होंगे।

समिति अन्य राज्यों में जबरन धर्मांतरण को लेकर बनाए गए कानूनों का अध्ययन करेगी और महाराष्ट्र में इस प्रकार का कानून लागू करने की संभावनाओं पर विचार करेगी। साथ ही यह समिति राज्य में ‘लव जिहाद’ और जबरन धर्मांतरण के मामलों की मौजूदा स्थिति का आकलन करेगी और इससे निपटने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर अपनी सिफारिश देगी। सरकार के इस कदम का समाजवादी पार्टी के विधायक रईस शेख ने विरोध किया है। उनका कहना है कि राज्य सरकार के पास ऐसे मामलों का कोई ठोस आंकड़ा नहीं है और यह केवल धर्मांतरण के मुद्दे को ‘जिहाद’ का नाम देकर राजनीति कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने पहले 1 लाख से अधिक ‘लव जिहाद’ के मामलों की बात कही थी। लेकिन अब तक एक भी मामले में ठोस पुलिस केस दर्ज नहीं किया जा सका है। विधानसभा में भी उन्होंने इस मुद्दे को उठाया था। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पहले भी कह चुके हैं कि राज्य सरकार जबरन धर्मांतरण के मामलों पर कानून लाने की योजना बना रही है।

## किन्नर अखाड़े का विवाद गहराया, महामंडलेश्वर हिमांगी सखी ने दी सनातन धर्म छोड़ने की चेतावनी

हरिद्वार (आरएनएस)। महाकुंभ में किन्नर अखाड़े का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर हिमांगी सखी के एक बयान ने नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। अखाड़े में पहले से चल रहे विवाद से क्षुब्ध होकर हिमांगी सखी ने न केवल किन्नर अखाड़ा, बल्कि सनातन धर्म तक छोड़ने की चेतावनी दे दी है। उन्होंने कहा कि अखाड़े के भीतर चल रहा विवाद अब उनके सहनशक्ति से बाहर हो गया है और वह जल्द ही धर्म परिवर्तन पर विचार कर सकती हैं। महामंडलेश्वर हिमांगी सखी का यह बयान किन्नर अखाड़े की ही एक अन्य महामंडलेश्वर कल्याणी नंद गिरी पर हुए हमले के बाद आया है। हिमांगी सखी ने कहा कि इस हमले का आरोप उन पर लगाया जा रहा है, जबकि उनका इससे कोई संबंध नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि पहले उन पर भी जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हुई थीं। हिमांगी सखी ने आरोप लगाया कि वह हमला स्वयं किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने करवाया था।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जहानाबाद में अपनी %प्रगति यात्रा% के दौरान लाभार्थियों को चेक सौंपा.



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. बेंगलुरु के पैलेस ग्राउंड में %इन्वेस्ट कर्नाटक 2025% समापन कार्यक्रम के दौरान शिवकुमार को सम्मानित किया गया.

# सुनीता विलियम्स की वापसी की उलटी गिनती शुरू, लेकिन धरती पर कदम रखते ही घेर लेंगी ये मुसीबतें

नई दिल्ली (आरएनएस)। आखिरकार वह घड़ी आ गई है जिसका कई लोगों को बेसब्री से इंतजार था। अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की धरती पर वापसी की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर आठ महीने का लंबा समय बिताने के बाद, सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर अब पृथ्वी की ओर वापस यात्रा करने के लिए तैयार हैं।

यह वापसी अंतरिक्ष यात्रियों के लिए चुनौतियों से भरी होगी। सबसे बड़ी चुनौती पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के साथ तालमेल बिठाना है। लंबे समय तक भारहीनता में रहने के बाद, पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल शरीर पर एक मजबूत प्रभाव डालेगा।

बुच विल्मोर ने इस बारे में बात करते हुए कहा, गुरुत्वाकर्षण बहुत मुश्किल है। जब हम वापस आते हैं, तो यह हमें नीचे खींचता है। शरीर के तरल पदार्थ नीचे की ओर बहने लगते हैं, और यहां तक कि एक पेंसिल उठाना भी मुश्किल लग सकता है। सुनीता विलियम्स भी इस चुनौती को लेकर पूरी तरह से जागरूक हैं। उन्होंने कहा, धरती पर लौटना आसान नहीं होगा। यह एक क्रमिक प्रक्रिया होगी, जिसमें हमें अपनी मांसपेशियों को फिर से सक्रिय करना होगा।

अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने वाले अंतरिक्ष यात्रियों को शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिसमें मांसपेशियों की कमजोरी, हड्डियों के घनत्व में कमी और शरीर में तरल पदार्थों का असंतुलन शामिल है। रिपोर्टों के अनुसार, अंतरिक्ष में प्रत्येक महीने में एक अंतरिक्ष यात्री की हड्डियों का घनत्व 1त्न तक कम हो जाता है, क्योंकि गुरुत्वाकर्षण की अनुपस्थिति में हड्डियों पर कोई भार नहीं होता है।

वापसी के बाद, सुनीता विलियम्स को एक कठोर पुनर्वास कार्यक्रम से गुजरना होगा ताकि उनके शरीर को पृथ्वी की परिस्थितियों के अनुकूल बनाया जा सके। अंतरिक्ष में, शरीर के तरल पदार्थ चेहरे की ओर चले जाते हैं, जिससे चेहरा फूला हुआ दिखता है और हाथ-पैर पतले लगते हैं। पृथ्वी पर लौटने पर, यह संतुलन बदल जाएगा, जिससे कुछ असुविधा हो सकती है। इन चुनौतियों के बावजूद, विलियम्स और विल्मोर दोनों ही अपनी वापसी को लेकर उत्साहित हैं। वे पहले भी ऐसे मिशनों को सफलतापूर्वक पूरा कर चुके हैं और उन्हें उम्मीद है कि इस बार भी उनका शरीर जल्दी ही पृथ्वी की स्थिति में समायोजित हो जाएगा।



लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण दिनेश विजन ने अपने बैनर तले 'मैडॉक फिल्म्स' के तहत किया है। रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना अभिनीत यह फिल्म शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। 'मैडॉक फिल्म्स' ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि 'छावा' ने 50 करोड़ रुपए की कमाई की। स्टूडियो ने लिखा, ''यह छावा की दहाड़ है। एक सच्चे योद्धा राजा की तरह दहाड़!

# ऑनस्क्रीन दामाद हर्षद चोपड़ा संग रोमांस करेंगी शिवांगी जोशी, एकता कपूर के नए शो में बनेगी जोड़ी



एकता कपूर के शोज हमेशा ही चर्चा में रहते हैं. अब वो एक नया शो लेकर आ रही हैं. इस शो में लीड रोल कौन प्ले करेगा इसे लेकर चर्चाएं हैं. पहले खबरें थीं कि एकता ये है मोहब्बतें स्टार दिव्यांका त्रिपाठी और करण पटेल को एक बार फिर से साथ लाने जा रही हैं, लेकिन उनका ये प्लान काम नहीं किया. अब रिपोर्ट्स हैं कि एकता ने हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी को फाइनल कर लिया है.

रिपोर्ट के मुताबिक, पहले शिवांगी की जगह प्रणाली राठौड़ को इस रोल के लिए कास्ट करने की खबरें थीं. क्योंकि प्रणाली और हर्षद ने पहले शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में काम किया था. दोनों की जोड़ी और केमिस्ट्री को फैंस बहुत पसंद करते थे. लेकिन अब शिवांगी को इस रोल के लिए साइन कर लिया गया है. अब शो में शिवांगी और हर्षद को रोमांस करते देखा जाएगा.

नई रिपोर्ट्स हैं कि शो सोनी टीवी पर ऑनएयर होगा. इसका टेंटेटिव टाइटल डिसाइड हो गया है. शो का टेंटेटिव टाइटल बहारें होगा. हालांकि, अभी तक किसी भी अपडेट को लेकर ऑफिशियल कंफर्मेशन नहीं है.

बता दें कि शिवांगी जोशी ने ये रिश्ता क्या कहलाता है में प्रणाली की मां का रोल प्ले किया था. शिवांगी नायरा के रोल में थीं. वहीं हर्षद शिवांगी के दामाद के रोल में थे. हर्षद शो में अभिमन्यु बिरला के रोल में थे. वर्क फ्रंट पर शिवांगी को पिछली बार एकता कपूर के ही शो बरसातें में देखा गया था. वहीं प्रणाली की बात करें तो उन्हें एकता कपूर के शो कुमकुम भाग्य में कास्ट करने की खबरें आ रही हैं. प्रणाली इस सो में प्रार्थना के रोल में नजर आ सकती हैं.

**मेरे हस्बैंड की बीवी का नया गाना इक वारी जारी, 21 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म**

मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बन रही फिल्म मेरे हस्बैंड की बीवी का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है। यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसमें पहली बार अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह की तिकड़ी नजर आएगी। यह फिल्म 21 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। अब निर्माताओं ने मेरे हस्बैंड की बीवी का नया गाना इक वारी जारी कर दिया है। इक वारी में अर्जुन, भूमि और रकुल साथ में डांस करते नजर आ रहे हैं। फिल्म के पहले गाने गोरी है कलाइयां को भी काफी पसंद किया गया था।

## अंदाज अपना अपना का नया टीजर जारी, सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हो रही फिल्म

आमिर खान और सलमान खान की यादगार फिल्म अंदाज अपना अपना लगभग 31 साल बाद एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म पहली बार 4 नवंबर, 1994 को रिलीज हुई थी और इसका निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया था। अब निर्माताओं ने अंदाज अपना अपना का नया टीजर जारी कर दिया है, जिसे प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं। बता दें कि फिल्म का ट्रेलर 27 मार्च, 2025 को रिलीज किया जाएगा। अंदाज अपना अपना इस साल अप्रैल में सिनेमाघरों में फिर से दस्तक देगी। फिलहाल फिल्म इसकी रि-रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। आमिर और सलमान के अलावा अंदाज अपना अपना में रवीना टंडन, करिश्मा कपूर, परेश रावल और शक्ति कपूर जैसे कलाकारों ने भी अभिनय किया था,

# रिवीलिंग गाउन पहन अमायरा दस्तूर ने इंटरनेट पर मचाया बवाल

बॉलीवुड अभिनेत्री अमायरा दस्तूर अपने फैशन सेंस के लिए लोगों के बीच काफी फेमस हैं। वो अपनी एक्टिंग से ज्यादा लुक्स के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में अमायरा दस्तूर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

अमायरा दस्तूर सोशल मीडिया स्टार हैं। उन्होंने अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही है।

अमायरा दस्तूर की लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने ब्राउन कलर का रिवीलिंग गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही हॉट एंड गॉर्जियस नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस के गाउन का डिजाइन बेहद ही क्लासी लग रहा था। थाई हल्का सा कटआउट लुक देकर



अमायरा दस्तूर ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।

खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। अमायरा दस्तूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। बता दें कि फैशन इंडस्ट्री में एक्ट्रेस की बढ़ती लोकप्रियता से यह साबित हो गया है कि वो न केवल एक्ट्रेस हैं बल्कि फैशन आइकन भी बन चुकी हैं।

# रि रिलीज हुई फिल्म सनम तेरी कसम का बॉक्स ऑफिस पर कब्जा, लवयापा-बैडएस रविकुमार जैसी फिल्मों को चटाई धूल

वेलेंटाइन वीक चल रहा है, जिसके चलते बॉक्स ऑपिस पर थंडेल, बैडएस रवि कुमार और लवयापा जैसी फिल्में 7 फरवरी को रिलीज हुई. लेकिन इन सबके बीच साल 2016 में आई एक रोमांटिक म्यूजिकल फ्लॉप फिल्म भी सिनेमाघरों में आई, जिसने आते ही सिनेमा प्रेमियों के दिलों पर ऐसा राज किया कि फिल्म ने केवल 6 दिनों में ना केवल बजट की कमाई वसूली बल्कि खुद पर से फ्लॉप के टैग को हटाकर सुपरहिट का टैग ला दिया. हम बात कर रहे हैं हर्षवर्धन राणे और पाकिस्तानी एक्ट्रेस मावरा होकेन की 2016 में रिलीज हुई सनम तेरी कसम की, जो 7 फरवरी को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई है. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, 15.50 करोड़ नेट की कमाई ओपनिंग वीकेंड पर करने के बाद फिल्म की रफ्तार वीकडेज पर धीमी देखने को मिली. लेकिन 14 करोड़ के बजट की कमाई वसूलते हुए फिल्म का कलेक्शन 6 दिनों में लगातार बढ़ता हुई नजर आया है. वहीं रि रिलीज का टोटल नेट कलेक्शन 6 दिनों 22 करोड़ पार हो गया है. जबकि वर्ल्डवाइड 27.96 करोड़ हो चुका है. इसी के साथ उम्मीद की जा रही है कि दूसरे वीकेंड पर फिल्म का कलेक्शन बढ़ सकता है. जबकि विक्की कौशल की छावा इस हफ्ते सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है. बैडएस रवि कुमार की बात करें तो हिमेश रेशमिया की लेटेस्ट फिल्म ने वर्ल्डवाइड 8.65 करोड़ की कमाई 6 दिनों में की है. जबकि भारत में फिल्म का कलेक्शन 7.76 करोड़ हो चुका है. वहीं आमिर खान के बेटे जुनैद खान और दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर की डेब्यू फिल्म 6.65 करोड़ की कमाई वर्ल्डवाइड कर पाई है.

# केसरी वीरः लीजेंड ऑफ सोमनाथ का धमाकेदार टीजर रिलीज, ऐतिहासिक बायोपिक में नजर आएंगे सुनील शेट्टी, सूरज पंचोली और विवेक ओबेरॉय

एक दिलचस्प ऐतिहासिक ड्रामा के लिए तैयार हो जाइए। सुनील शेट्टी, सूरज पंचोली और विवेक ओबेरॉय की मच अवेटेड बायोपिक केसरी वीर: लीजेंड ऑफ सोमनाथ का टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर इसका टीजर जारी कर दिया है, जिसमें फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प लग रही है। इसके कुछ सीन्स ऐसे हैं जिन्हें देखकर आपकी आंखे खुली की खुली रह जाएंगी।

पैनोरमा स्टूडियोज ने सोशल मीडिया पर टीजर शेयर करते हुए लिखा, सकेसरीवीर - धरम, आस्था, और ससोमनाथ की पवित्र भूमि की रक्षा का संग्राम सहरहरमहादेव, लेजेंड्सऑफसोमनाथ सअनसंगवॉरियर्स 14 मार्च, 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म की कहानी हमीरजी गोहिल नाम के एक बहादुर योद्धा की है, जो पवित्र सोमनाथ मंदिर की रक्षा और हिंदू आस्था की रक्षा के लिए तुगलक साम्राज्य की ताकत के खिलाफ खड़े थे। महान संघर्ष के समय पर आधारित, यह फिल्म निश्चित रूप से एक महान व्यक्ति की वीरता, बलिदान और दृढ़ संकल्प की कहानी को स्क्रीन पर दिखाएगी। इन्होंने भारत के इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। फिल्म की कहानी कनु चौहान ने लिखा है,जबकि इसका निर्देशन प्रिंस धीमान ने किया है। इस फिल्म से अकांक्षा शर्मा डेब्यू कर रही हैं।

करीब 2 मिनट के इस टीजर में पूरी तरह से मारधाड़ दिखाई गई है। सुनील शेट्टी और विवेक ओबेरॉय के खतरनाक स्टंट और खूनी खेल देखकर आपकी रूह कांप जाएगी। फिल्म में हमीरजी गोहिल का किरदार सूरज पंचोली ने निभाया है। विवेक ओबेरॉय ने विलेन जफर खान की भूमिका निभाई है, जबकि सुनील शेट्टी वेगदा के किरदार में सूरज पंचोली के साथ धर्म की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ते हुए दिखाई देंगे।

केसरी वीर: लीजेंड ऑफ सोमनाथ 14 मार्च 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अन्य कलाकारों की बात करें तो फिल्म में अरुणा ईरानी, बरखा बिष्ट, किरण कुमार, भव्या गांधी और मीनाक्षी चुग ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सूरज पंचोली लगभग चार साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी करेंगे। आखिरी बार उन्हें साल 2021 में आई फिल्म 'टाइम टू डांस' में दिखा गया था।

**छावा से आशुतोष राणा-विनीत कुमार, दिव्या दत्ता और डायना पेंटी की पहली झलक आई सामने**

लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म छावा का दर्शक काफी समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है।

यह फिल्म आज यानी 14 फरवरी को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाने को तैयार है। इसमें पहली बार विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की जोड़ी नजर आएगी।

आशुतोष राणा, विनीत कुमार सिंह, दिव्या दत्ता और डायना पेंटी भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं।

अब फिल्म से तमाम सितारों की पहली झलक सामने आ गई है।

## जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट का मोशन पोस्टर जारी, आज आएगा ट्रेलर

एक्टर जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म द डिप्लोमैट को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फैंस इस फिल्म का बेस्त्रबी से इंतजार कर रहे हैं। हाल ली में इस फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसे फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं। इस मोशन पोस्टर में मेकर्स ने रिलीज डेट और ट्रेलर रिलीज डेट से पर्दा उठाया है।

जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट का निर्देशन शिवम नायर कर रहे है। यह फिल्म 7 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। वही इस फिल्म का ट्रेलर कल यानी वेलेंटाइन डे के दिन रिलीज होने वाला है। इस मोशन पोस्ट में जॉन का धांसू अवतार दिखने को मिल रहा है। टी-सीरीज ने पोस्ट शेयर कर जानकारी दी कि-द डिप्लोमैट का ट्रेलर आज यानी 14 फरवरी को सुबह 11 बजे रिलीज होगा। इस पोस्टर को शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा- जब उम्मीद खत्म होती दिख रही थी,

# बच्चा होने के बाद क्या आपको भी आता है बार-बार रोना चिड़चिड़ेपन और गुस्से के पीछे होती है खास वजह

मां बनने के बाद महिला का जीवन पूरी तरह बदल जाता है. 9 महीने तक बच्चे को अपनी कोख में रखने के बाद जब महिला बच्चे को जन्म देती है तो एक तरह से महिला का भी वो नया जन्म होता है. जो प्यार, स्नेह, जिम्मेदारियों से भरा होता है. इस समय नई मां कई तरह के शारीरिक और मानसिक उतार-चढ़ाव से गुजरती है. इस दौरान उन्हें बार-बार रोना आता है. वो बहुत चिड़चिड़ी हो जाती हैं. उन्हें बात-बात पर गुस्सा आने लगता है.

वो दिन-रात तनाव में रहती हैं. उन्हें जिंदगी अधूरी सी लगती है. ऐसा क्यों होता है, क्या आपको पता है इसके पीछे पोस्टपार्टम डिप्रेशन है.

रिपोर्ट्र के अनुसार, दुनियाभर में हर 7 में से 1 महिला को पोस्टपार्टम डिप्रेशन की समस्या हो सकती है. आइए जानते हैं इसके बारे में.

क्या होता है पोस्टपार्टम डिप्रेशन

बच्चे के जन्म के कुछ दिनों बाद मां को पोस्टपार्टम डिप्रेशन हो सकता है. यह एक गंभीर समस्या है. इसके अलावा ये डिलीवरी के पहले, दूसरे और तीसरे महीने में हो सकता है. ऐसा होने पर महिला को अबॉर्शन तक हो सकता है. इतना ही नहीं मृत बच्चा भी पैदा हो सकता है. इसमें मां का ध्यान बच्चे से हटने लगता है. उनका बच्चे से इमोशनल कनेक्शन भी खत्म होने लगता है.

पोस्टपार्टम डिप्रेशन के लक्षण



बार-बार रोना आना
चिड़चिड़ापन
मूड स्विंग होना
बात करने का मन न होना
बात-बात पर गुस्सा आना
बच्चे से लगाव न हो पाना
किसी काम पर फोकस न कर पाना
दर्द होना या किसी बीमारी का एहसास
सेल्फ कॉन्फिडेंस में कमी

क्यों होता है पोस्टपार्टम डिप्रेशन

हार्मोनल चेंजेस
परिवार या पार्टनर का सपोर्ट न होना
इमोशनल चेंज
प्रेगनेंसी में कॉम्प्लिकेशन
पहले से कोई हेल्थ प्रॉब्लम
फैमिली हिस्ट्री

पोस्टपार्टम डिप्रेशन से कैसे करें बचाव

पोस्टपार्टम डिप्रेशन से बचने के लिए इलाज और काउंसलिंग की जरूरत होती है.

इससे एक महीने में इससे छुटकारा पाया जा सकता है.

पोर्टपार्टम डिप्रेशन से बचने के लिए अच्छी डाइट, भरपूर नींद लेनी चाहिए.

स्ट्रेस होने पर काउंसलर के पास जाना चाहिए. वजन बढ़ने पर घबराने की बजाय डाइटिशियन की मदद लें.

परिवार और दोस्तों से मिलकर उनके साथ समय बिताएं.

# शरीर में खून की कमी होने पर पैरों में होती है ये दिक्कत, जानिए हीमोग्लोबिन बढ़ाने का आसान तरीका

हमारा शरीर किसी भी तरह की दिकक्त होने पर अलग-अलग तरीके से संकेत देता है. अंदरूनी तकलीफ होने पर इसके लक्षण कभी चेहरे पर दिखते हैं तो कभी हाथ-पैरों में. शरीर में जब हीमोग्लोबिन की कमी हो जाती है, तो पैरों में इसका असर दिखने लगता है. शरीर में ब्लड की कमी होने पर एनीमिया नाम का रोग हो जाता है. इसके चलते चक्कर आना, थकान, चेहरे का रंग पीला पड़ने जैसी समस्याएं होती हैं. हेल्थ एक्सपर्ट रामिता कौर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो शेयर करते हुए बताया कि शरीर में खून की कमी होने पर क्या दिक्कत होती है. आइए जानते हैं इसके बारे में.



खून की कमी होने पर पैर हमेशा रहते हैं ठंडे

उन्होंने बताया कि अगर आपके पैर हर वक्त ठंडे रहते हैं या फिर पैरों में मोजे या जूते पहनने के बाद भी ठंडापन बना रहता है, तो यह इस बात का संकेत हो सकता है कि शरीर में आयरन की कमी हो. आयरन ही हीमोग्लोबिन का निर्माण करता है. इससे ऑक्सीजन को शरीर के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंचाने में मदद करता है. इसकी कमी से रक्त संचार प्रभावित होता है. जिसके चलते पैरों में ठंडापन बना रहता है.

शरीर में ब्लड कम होने पर पैरों में होती झुनझनी या सुन्नता

जिन लोगों के शरीर में हीमोग्लोबिन कम होता है तो उनके पैरों में ताकत की कमी हो सकती है. पैरों में बार-बार झुनझनी या सुन्नता हो सकती है. जब शरीर में पर्याप्त मात्रा में खून नहीं होता है, तो नसों तक ऑक्सीजन नहीं पहुंचती है,जिससे यह समस्या हो सकती है.

शरीर में खून की कमी दूर करने के लिए क्या करें

हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मेथी, सरसों खाएं.

सूखे मेवे, काले किशमिश, अंजीर, सूखा आलूबुखारा खा सकते हैं.

अनार और चुकंदर को डाइट में शामिल करें.

गुड़ और तिल का सेवन भी फायदेमंद हो सकता है.

# शब्द सामर्थ्य -327

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | 11 | |
| | ■ | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | ■ | 25 | | | ■ |

## शब्द सामर्थ्य क्रमांक 326 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | टट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना प्रभारी सिविल लाईन श्री नेहरू सिंह खण्डाते ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि प्लेटफार्म नम्बर 6 मालगोदाम में एक व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 35-40 वर्ष का मेहरून काले रंग का बैग में अवैध मादक पदार्थ लिये ग्राहक की तलाश में है, सूचना पर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुये मुखबिर के बताये स्थान रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 6 मेन गेट आरपीएफबूथ के सामने दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति दिखा जिसे रोककर नाम पता पूछने पर अपना नाम लक्ष्मण राम ( पासवान ) उम्र 36 वर्ष निवासी गनौली थाना



**स्मार्ट मीटर की साज़िश उजागर- गलत बिलिंग पकड़ी गई, गलती छुपाने के लिए बिजली विभाग ने काटी बिजली**

# बिजली विभाग की तानाशाही-अपनी गलती छुपाने के लिए गरीब परिवार की बिजली काटी, कांग्रेस के दखल के बाद खुली पोल

**स्मार्ट मीटर की गड़बड़ी उजागर, बिजली विभाग की लापरवाही से श्रीवास परिवार एक माह से अंधेरे में!**








जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। श्रीवास परिवार के यहाँ बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाया गया था, जिसके चलते उनका बिजली बिल अत्यधिक आने की शिकायत की गई थी। उपभोक्ता की शिकायत के बाद बिजली विभाग ने स्मार्ट मीटर के साथ एक चेक मीटर भी स्थापित किया। लेकिन 20 दिनों में चेक मीटर ने 86यूनिट बिजली खपत दिखाई, जबकि स्मार्ट मीटर ने 495 यूनिट बिजली खपत दर्ज की! जब उपभोक्ता ने इस विसंगति की शिकायत की, तो बिजली विभाग ने गलती मानने के बजाय उनके घर की बिजली काट दी, जिससे श्रीवास परिवार पिछले एक महीने से अंधेरे में रहने को मजबूर हो गया। आज श्रीवास परिवार ने अपनी पीड़ा कांग्रेस हेल्पलाइन पर रखी। मामले को गंभीरता से लेते हुए बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के सदस्य तुरंत उनके घर पहुंचे और स्मार्ट मीटर की वास्तविकता को देखा। इसके बाद बिजली विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया, लेकिन उन्होंने अपनी गलती मानने से इनकार कर दिया। अधिकारियों का कहना था कि इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस कभी-कभी खराब हो जाते हैं, और इन्हें लैब में जांच के लिए भेजा जाएगा।

इस मामले ने बिजली उपभोक्ताओं में गहरी नाराजगी पैदा कर दी है। स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी की यह कोई पहली घटना नहीं है, और प्रशासन को जल्द से जल्द उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करना चाहिए ताकि अन्य लोगों को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। आज इस दौरान सौरभ नाटी शर्मा अध्यक्ष शहर जिला कांग्रेस कमेटी, पी ,पी पटेल, सुबोध पहाड़िया,चमन प्यासी, विजय पुराणिक, रितेश गुप्ता, राजू तोमर , अनुज श्रीवास्तव, इमरान कुरेशी, सोनू तिवारी , मयंक पुराणिक, श्रीकांत, कोमल रैकवार, विजय कोरी, संजय पांडे, आदि उपस्थित थे!

## इतवारी-टुंडला-इतवारी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महाकुम्भ-2025 के अवसर पर यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-टुंडला-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 01-01 ट्रिप के लिए चलाई जा रही है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के दोनों दिशाओं में मदन महल, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

गाड़ी संख्या 08863 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-टुंडला कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 20 फरवरी 2025 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन स्टेशन से सुबह 08:15 बजे प्रस्थान कर, मदन महल सायं 18:00 बजे, कटनी रात 19:55 बजे, मैहर 21:20 बजे, सतना रात 22:10 बजे एवं अगले दिन प्रयागराज छिवकी मध्य रात्रि 02:05 बजे और सुबह 09:30 बजे टुंडला स्टेशन पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 08864 टुंडला-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 21 फरवरी 2025 को टुंडला स्टेशन से सुबह 11:30 बजे प्रस्थान कर, प्रयागराज छिवकी सायं 18:50 बजे, सतना रात्रि 23:40 बजे एवं अगले दिन मैहर मध्य रात्रि 00:10 बजे, कटनी 01:25 बजे, मदन महल 03:30 बजे और सुबह 11:00 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन स्टेशन पहुंचेगी।

ठहराव:- भंडारा रोड, तुमसर रोड, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, फतेहपुर, गोविंदपुरी और इटावा।

संरचना:- 1 वातानुकूलित 2-टियर, 2 वातानुकूलित 3-टियर, 10 शयनयान श्रेणी, 3 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन। यात्री मेला स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी रेल मदद 139 अथवा एनटीईएस ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

**आरिफ अली तकनीकी आधिकारी बने**

## सिकंदराबाद में होने वाली नेशनल हाकी चेम्पियनशिप में हसन अली अम्पायर नियुक्त




तालिब हुसैन


जबलपुर. कई राष्ट्रीय हाकी प्रतियोजिताओं में धूम मचा चुके जबलपुर के अली बंधुओं ने अब नई जिम्मेदारी के साथ संस्कारधानी का गौरव बढ़ाया है. पश्चिम मध्य रेलवे में पदस्थत हसन अली सिकंदराबाद में होने जा रही आल इंडिया इन्टर रेल हाकी चेम्पियनशिप में जहां बतौर अम्पायर अपनी सेवाएं देंगे, वहीं आरिफ अली तकनीकी अधिचारी की भूमिका में नज़र आयेंगे. 17 से 22 फरवरी तक आयोजित स्पर्धा में अभिषेक श्रीवास को भी अम्पायर नामित किया गया है. इस चेम्पियनशिप में हाकी के कई अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अपना जौहर दिखायेंगे. पश्चिम मध्य रेलवे जोन की जीएम श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय, खेलकूद संघ अध्यक्ष कुशाल सिंह, प्रभात कुमार, पीसीपीओ, राजीव कुमार यादव, आईजी/आरपीएफ, यशवंत कुमार, महासचिव खेलकूद संघ, कमल कुमार तलरेजा, मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर, मो. मुनव्वर खान, वरि.मंडल सुरक्षा आयुक्त, सुबोध विश्वकर्मा, मंडल खेलकूद अधिकारी, स्वप्निल पाटिल, वरि. मंडल यांत्रिक प्रबंधक, मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रजनीकांत साहू, दिग्विजय सिंह, हॉजी सैय्यद हैदर अली, सादिक खान, यूसुफ़ खान, अजय मार्को, अशरफ अली, एशली दास, लायन पप्पी खान, असलम अली, अफसर अली, विक्रम जन्सारी, गुलाम गौस आदि ने अली बंधुओं व श्रीवास को बधाई दी है.

### जुए के फड़ों पर छापा, 9 जुआड़ी गिरफ्तार, 2830 रूपये जप्त

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना बेलखेड़ा में रात्रि में मुखबिर से सूचना मिली कि सुन्द्रादेही शासकीय अस्पताल के बाजू से सड़क पर कुछ लोग मोबाइल टार्च की रोशनी में ताश पत्तों पर रूपये की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी जहां तीन जुआरियों को ताश पत्तों पर रूपये की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते हुये पकडा गया

## यूपी सरकार का फैसला- शहीद अब्दुल हमीद के नाम पर बने स्कूल का नाम बदला रास. सांसद प्रतिनिधि ताहिर अली ने किया विरोध






तालिब हुसैन

मुजफ्फरनगर/जबलपुर. सन 1965 में भारत पाकिस्तान युध्द के दौरान बहादुरी के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद अब्दुल हमीद भी अब राजनीति का शिकार हुए हैं. यूपी के मुजफ्फरनगर जिला मुख्यालय से लगभग 35 कि.मी. दूर धामुपूर के जिस स्कूल में वीर सैनिक अब्दुल हमीद ने पांचवी तक की शिक्षा हासिल की थी, राज्य सरकार ने अब उस स्कूल का नाम बदल दिया है. राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा के प्रतिनिधि सैय्यद ताहिर ने बताया कि अब इस स्कूल का नाम पीएमश्री कंपोजिट विधालय कर दिया गया है जिससे ना केवल शहीद के परिजन बल्कि हर नागरिक स्तब्ध है. यहां इस बात का जिक्र जरूरी है कि अब्दुल हमीद ने भारत पाक युध्द के दौरान अमेरिका के अजेय समझे जाने वाले सात पैटर्न टैंकों को नष्ट कर पाकिस्तानी सेना को दिन में तारे दिखाए थे. बहादुर अब्दुल हमीद के नाम पर जबलपुर में दो चौराहे, एक स्टेडियम सहित कई स्मारक हैं.

# धरती के देवता परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी के प्रथम स्मृति दिवस पर नमन बंदन



विश्व बंदिनीय परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी वीतरागी संत ,जगत के श्रेष्ठ मार्गदर्शक, मोक्ष मार्ग के पथिक ,21वीं सदी के विलक्षण व्यक्तित्व हैं जिनकी वाणी अक्षरशः सिद्ध हो जाती थी तप, ज्ञान ,संयम ,साधना की प्रतिमूर्ति आचार्य विद्यासागर जी के प्रति प्रत्येक की आस्था स्पष्ट दिख पड़ती है।

10 अक्टूबर 1946 को कर्नाटक सदलगा में मां श्रीमती जी एवं पिता मल्लप्पा अष्टगे के घर जन्मे विद्याधर धरती के देवता बन गए इन छत्तीस गुणधारी,अनासक्त महायोगी ने त्याग तपस्या एवं निर्लिप्तता का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया कि उन्हें वर्तमान के वर्धमान माना जाने लगा लोग कहते हैं चलते-फिरते तीर्थंकर आचार्य विद्यासागर के प्रति हर एक नमित हो जाता है 55 वर्षों का तपस्वी जीवन शक्कर ,नमक ,मेवे, फल फूल, तेल ,सब्जियां सभी का तो त्याग था इस अनियत बिहारी का। मात्र 9 वर्ष की उम्र से विरक्ति का भाव बालक विद्याधर में उत्पन्न हो गया था उन्हें समझ में आ गया था यह संसार असार है और उन्होंने स्वयं को आत्मोन्मुखी बना लिया था आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि व अनुशासित जीवन के साथ ही उन्होंने आचार्य गुरु ज्ञान सागर जी के सानिध्य में30 जून 1968 को मुनि पद धारण किया एवं 22 नवंबर 1972 को आचार्य ज्ञान सागर जी ने उन्हें आचार्य पद से विभूषित किया जैन शास्त्र, दर्शनशास्त्र का गहन अध्ययन कर आचार्य विद्यासागर ने 63 पुस्तकें लिखी जिनमें मूकमाटी महाकाव्य अप्रतिम कृति है

तुच्छ मिट्टी में चरम भव्यता
के दर्शन है माटी मूक
मुक्ति की मंगल यात्रा का
ब्यौरा मिलता जहाँ अचूक
सुघढ कवि हैं विद्यासागर
काव्य कला के शिल्पकार
जीवन दर्शन की अनुभूति
मुक्त छंद में रस की धार।

मूकमाटी महाकाव्य का प्रारंभ आचार्य श्री ने मढ़िया जी में किया था और समापन नैनागिर में। आचार्य श्री द्वारा रचित कृतित्व आप्त परीक्षा, आचार्य श्री शांति सागर स्तुति ,आचार्य श्री वीर सागर स्तुति, योग सागर (अनुवाद) ,समाधि सुधा शतकम ,(अनुवाद) इष्टोपदेश, एकीभाव स्त्रोत, कल्याण मंदिर स्तोत्र, आचार्य श्री शिव सागर स्तुति, मुक्तक शतक, भक्ति गीत ,आचार्य श्री ज्ञान सागर स्तुति, निजानुभव शतक, श्रमण शतकम (संस्कृत) श्रमण शतक ,(हिंदी) भावना शतकम ,(संस्कृत) भावना शतक ( हिंदी) (तीर्थंकर ऐसे बने) जैन गीता (श्रमण सुत्तम) निरंजन शतकम (संस्कृत )निरंजन सतक (हिंदी )कुंदकुंद का कुंदन, निजामृत पान, द्रव्य संग्रह, अष्टपाहुड़, पंचास्ती काय, प्रवचन सार नियम सार, बारस अणुवेक्खा, गोमटेश थुति, समंत भद्र की भद्रता, नर्मदा का नरम कंकर, गुणोदय, रयण मंजूषा, डूबो मत लगाओ डुबकी, परिसह जय सतकम (संस्कृत) जिनेंद्र स्तुति ,सुनीति सतकम (संस्कृत) सुनीति सतकम (हिंदी), देवागम स्त्रोत, तोता क्यों रोता है, बिज्जाणु वेक्खा (विद्यानुप्रेक्षा ), दोहा दोहन,चेतना के गहराव में, द्रव्य संग्रह द्वितीय, शारदा स्तुति, सूर्योदय शतक ,नंदीश्वर भक्ति, सर्वोदय शतक, सर्वोदय अष्टक, चेतन चंद्रोदय, इतना विशाल कृतित्व अचार विद्यासागर जी का इसके अतिरिक्त उन्होंने कन्नड़ बांग्ला और अंग्रेजी भाषा में भी कविताएं लिखी हैं मैंने अपने महाकाव्य महाऋषीस्वर विद्यासागर में लिखा है-

जाने कितनी रचनाएँ हैं,
कितना और सृजन विस्तार
कुछ की प्रतियाँ प्राप्त नहीं हैं
कुछ अप्रकाशित आकार
कन्नड़, बंगला और अंग्रेजी भाषा
में है कविताएँ, कितनी अनगिन
सृजन सीपियाँ देती आध्यात्मिक
ऊर्जाएँ सूरज की किरणों जैसा
निखरा है शतक सूर्योदय
दसभक्ति ,स्वरूप संबोधन किया
सृजित चेतन चन्द्रोदय। सच में
विद्या का सागर हैं ,लहराया
साहित्य अपार ज्ञानी, ध्यानी ,संत
शिरोमणि ,चरणों में नत बारंबार
वृहत बहुत है सृजन गुरु का,
दिखा रहा जीवन का सार विनत
भाव से हम सबका गुरु चरणों में है आभार।

पूज्य आचार्य विद्यासागर जी संपूर्ण जीवन करुणा ,सेवा ,तपस्या से परिपूर्ण भगवान महावीर के आदर्शों का प्रतीक रहे हैं वह केवल जैन समुदाय ही नहीं विभिन्न पंथों के प्रेरणा स्त्रोत रहे युवाओं में आध्यात्मिक जागृति का अथक प्रयास किया और सकारात्मक ,आध्यात्मिक ऊर्जा से जग को आलोकित कर दिया ।उनका राष्ट्र प्रेम अत्यधिक था शिक्षा के क्षेत्र में गहरी प्रतिबद्धता दिखाई उनका मानना था कि शिक्षा ही एक न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज का आधार है जो जीवन को सशक्त बनाने का माध्यम है शिक्षा के द्वारा ही सांस्कृतिक और नैतिक मूल्य विकसित होते हैं हमारी मातृभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए प्रयास रत रहे संस्कृत, प्राकृत और हिंदी में उनकी रचनाएँ पठनीय हैं आचार्य श्री का मानना था कि उत्कृष्ट राष्ट्र नागरिकों के कर्तव्य भाव से ही बन सकता है सभी को ऐसी जीवन शैली अपनानी चाहिए जिससे प्रकृति को नुकसान ना हो , नैतिक मूल्यों का विकास हो समाज के उन्नयन के लिए मानवता के सच्चे उपासक आचार्य श्री की प्रेरणा से सात राज्यों में 130 हथकरघा केंद्र चलाए जा रहे हैं जिनमें से तीन तिहाड़ जेल में हैं चल चरखा प्रतिभास्थली, गौशालाएँ अनेकों नगर और राज्यों में सुव्यवस्थित चल रहे हैं।

मुनी परंपरा के दैदीप्यमान नक्षत्र आचार्य विद्यासागर जी ने 500 से अधिक दीक्षायें दी, अपने प्रवचनों से अनेक कैदियों का हृदय परिवर्तित किया, आत्म चिंतन अध्ययन कर जीवन पर्यंत तपस्वी के रूप में रहे और तीन दिवसीय निर्जल उपवास रख अखंड मौन धारण कर लिया , आचार्य पद का त्याग करते हुए संलेखना समाधि धारण की। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज सम्यक दर्शन ,सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र की त्रिवेणी थे ।आचार्य श्री उत्कृष्ट कवि, विचारक, मोटीवेटर ,जगत में तप, ज्ञान, संयम आराधना की प्रतिमूर्ति थे 21वीं सदी के इस विलक्षण व्यक्तित्व जिन्हें हम आध्यात्मिक चेतना के दिवाकर कहते हैं परम पूज्य आचार्य विद्यासागर जी का ज्ञान अजर, अमर है जो सदैव लोगों को प्रेरणा और मार्गदर्शन देता रहेगा 18 फरवरी 2024 को संलेखना पूर्ण समाधि मरण से भौतिक रूप से भले ही आप ना हो पर सबके अंतर मन में विराजमान हैं।

तिमिर अचानक छाया जग पर विद्या का आलोक खो गया
दिव्य, दिवाकर डूब गया क्यों दुनिया भर में शोक बो गया वर्तमान के वर्धमान की
क्या हमसे नाराजी थी
कैसा यह दुर्भाग्य जगा कि ज्ञान सिंधु ब्रह्मलीन हो गया। गुरुदेव सबके मन में है उनके आदर्श और विचार हम सब की धरोहर हैं जो सदैव हमारे मन मस्तिष्क में जीवंत रहेंगे।



**विनय पूर्ण भावांजलि**
**डॉ संध्या जैन श्रुति**
**जबलपुर**

# महाशिवरात्रि पर चतुर्ग्रही योग का निर्माण



महाशिवरात्रि पर कई दुर्लभ महासंयोग बन रहे हैं, जो इस बात का संकेत है कि भोलेनाथ अपने भक्तों पर अपनी कृपा की वर्षा करने वाले हैं। पंडित सौरभ दुबे के अनुसार 47 बर्षो के बाद बुधवार, 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि पर श्रवण नक्षत्र का संयोग बन रहा है। श्रवण नक्षत्र इस दिन सुबह से लेकर शाम 4:38 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस दिन चंद्र, बुध, शनि और सूर्य तीनों कुंभ राशि में विराजमान होंगे। ऐसे में बुधादित्य योग, त्रिग्रही योग एवं चतुर्ग्रही योग का निर्माण हो रहा है। जो कई राशियों के लिए शुभ साबित होगा, सर्वार्थ सिद्धि योग से भी महाशिवरात्रि पर सुखद संयोग बन रहा है।

ज्योतिषाचार्य पंडित सौरभ दुबे के अनुसार महाशिवरात्रि बुधवार को श्रवण एवं घनिष्ठा नक्षत्र मकर एवं कुम्भ राशि होने से जहां शनि का संयोग बना है वहीं इस महाशिवरात्रि पर मध्यरात्रि में भगवान शिव के सिर पर विराजित चंद्रमा कुंभ राशि में आकर शनि और सूर्य के साथ मिलकर भोलेनाथ के माथे पर विराजित त्रिपुंड चंदन जैसा त्रिग्रही योग बनाएंगे। महाशिवरात्रि पर इस योग का बनना बेहद दुर्लभ संयोग है। इसके साथ ही इस बार महाशिवरात्रि पर शनि स्वराशि के होकर शश योग, हंस योग, सूर्य , बुध , चंद्र और शनि की युति से चतुर्ग्रही योग का निर्माण योग बन रहा है। चतुर्ग्रही योग होने से माता महालक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

47 सालों बाद बना ये खास योग- महाशिवरात्रि पर चतुर्ग्रही योग का निर्माण महायोग बना रहा है। ऐसा अद्भुत संयोग करीब 47 साल बाद बन रहा है। इस दिन त्रयोदशी और चतुर्दशी दोनों तिथियां हैं। मान्यता है कि इस दिन किसी कार्य की शुरुआत करना व खरीदारी करना अति उत्तम होता है। इसका विशेष फल प्राप्त होता है। शास्त्रों के अनुसार भगवान शिव को बेलपत्र अति प्रिय है। इसलिए कहा जाता है कि महाशिवरात्रि के दिन जलाभिषेक करने के साथ बेलपत्र चढ़ाने से शिव जी अति प्रसन्न हो जाते हैं और आशीर्वाद देते हैं। इस दिन भक्तगण भगवान शिव का जलाभिषेक, रुद्राभिषेक करने के साथ धूतरा,स बेलपत्र सहित कई चीजें अर्पित करते हैं। लेकिन इन सभी चीजों में बेलपत्र भगवान शिव को अति प्रिय है। इसे बिल्वपत्र भी कहा जाता है।

फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि का प्रारंभ
26 फरवरी 2025, सुबह 9.36
फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि समाप्त
27 फरवरी 2025, सुबह 8.35
निशित काल पूजा समय
रात 12:09 - प्रात:12:59, फरवरी 27 तक
शिवरात्रि पारण समय प्रात: 06:48 - प्रात: 08:54 (27 फरवरी 2025)
रात्रि प्रथम प्रहर पूजा समय
शाम 06:19 - रात 09:26
रात्रि द्वितीय प्रहर पूजा समय
रात 09:26 - प्रात: 12:34, 27 फरवरी
रात्रि तृतीया प्रहर पूजा समय
प्रात: 12:34 - प्रात: 03:41, 27 फरवरी
रात्रि चतुर्थी प्रहर पूजा समय



## शासकीय ललित कला महाविद्यालय एवम् संस्कार भारती द्वारा विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान का आयोजन हुआ

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शासकीय ललित कला महाविद्यालय एवम् संस्कार भारती जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में भरत मुनि स्मृति दिवस के अवसर पर चित्रकला , नाटक,संगीत, नृत्य, और अभिनय के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। विविध भारतीय कला के विद्यार्थियो और कला साधकों के लिए भरत मुनि के नाट्य शास्त्र का अध्ययन के प्रति ध्यान आकर्षण करना जिसमें मुख्य वक्ता श्री आशीष पाठक, लेखक निर्देशक एवम् अभिनय प्रशिक्षक, निर्देशक समागम रंगमंडल, जबलपुर म. प्र.ने भरत मुनि के नाट्य शास्त्र के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की तथा उन्होने बताया कि रंगमंच पर प्रस्तुत किए जाने वाले अभिनय में समय किस तरह योगदान देता है तथा नाटक पात्र किस प्रकार आलंबन से उद्दीपन विभाव को जोड़ने का कार्य करता है। उन्होने चार वेदों में पांचवा वेद नाट्य शास्त्र बताया। जिसकी रचना भरत मुनि ने की ।जिसमें भरत मुनि के रस सिद्धांतों की व्याख्या पर प्रकाश डाला गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि संस्कार भारती जबलपुर की जिला अध्यक्ष श्रीमति माला सिंह जिला मंत्री श्री प्रभात दुबे जी संस्कार भारती के सदस्य एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ राजलक्ष्मी त्रिपाठी, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें-अपर कलेक्टर सुश्री सिंह

**अपर कलेक्टर ने 19 फरवरी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में दिये आवश्यक निर्देश**





जबलपुर - अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह की अध्यकक्षता में आज लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्यक कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टगर श्री नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में अपर कलेक्टयर सुश्री सिंह ने कहा कि 19 फरवरी को उमरिया गौशाला के भूमिपूजन और रांझी स्टेरडियम के लोकार्पण मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव के हाथों होना प्रस्ताऔवित है, अत: सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वोंम का निर्वाहन समुचित तरीके से कर गरिमामय कार्यक्रम आयोजित करने में अपना योगदान दें। उन्होंखने दोनों कार्यक्रमों की संपूर्ण तैयारियों के संबंध में विस्ताकर से जानकारी देते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी फील्डो विजिट कर लें और व्ययवस्थाब सुनिश्चित करे। इसके साथ ही उन्हों ने सीएम हेल्पधलाईन के प्रकरणों की एक-एक कर समीक्षा कर सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों का निराकरण एल-1 स्त्र पर प्राथमिकता से करें। कोई भी प्रकरण नॉन अटेंडेंट न हो। 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को गंभीरता से लेकर निराकरण करें और जिले की रैंकिंग सुधारें। इस दौरान टीएल में लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना प्रभारी सिविल लाईन नेहरू सिह खण्डाते ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि प्लेटफार्म नम्बर 6 मालगोदाम में एक व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 35-40 वर्ष का मेहरून काले रंग का बैग में अवैध मादक पदार्थ लिये ग्राहक की तलाश में है, सूचना पर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुये मुखबिर के बताये स्थान रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 6 मेन गेट आरपीएफबूथ के सामने दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति दिखा



# 3 दिन तक मृत पति के साथ रही पत्नी

## भाई घर गया तो कहा- 3 दिन से सो रहे हैं; देखा तो शव डी-कंपोज़ होने लगा था

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित गोराबाजार क्षेत्र में सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां पर एक पत्नी को पता नहीं चला कि उसके पति की तीन दिन पहले मौत हो चुकी है. वह यही समझ रही थी कि तीन दिन से सो रहे है. जब भाई घर आया तो देखा कि पता चला कि मौत हो चुकी है. खबर मिलते ही पुलिस पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार गोराबाजार क्षेत्र में रहने वाले रमेश बाल्मीक उम्र 55 वर्ष छावनी परिषद में सफाई कर्मचारी के पद पर पदस्थ रहे. पिछले कुछ वर्षो से ह्रद्य रोग से पीड़ित रहे, वे अपनी पत्नी के साथ बिलहरी में किराए के मकान में निवासरत रहे, जिनकी कोई संतान नहीं थी. रमेश जब भी ड्यूटी पर जाते तो अपने भाईयों के पास जरुर जाते रहे. 13 फरवरी से रमेश बाल्मीक ड्यूटी पर नहीं गए. भाई का तीन दिन से न फोन आया और नहीं ही मुलाकात हुई. रमेश का फोन न आने से चिर्तित भाई बिलहरी स्थित घर पहुंचा. वहां पर भाभी ललिता से पूछा कि भाई तीन दिन से ड्यूटी पर क्यों नहीं गए और फोन भी बंद आ रहा है. भाभी ललिता ने कहा कि तीन दिन से सो रहे है, उठाने की कोशिश की लेकिन उठ नहीं रहे है. संदेह होने पर भाई कमरे में पहुंचा और रमेश को उठाने की कोशिश की लेकिन शरीर पर कोई हरकत नहीं हुई तो समझ में आ गया कि मौत हो चुकी है. भाई का शरीर देखकर ऐसा लगा कि रमेश की तीन दिन की पहले ही मौत हो गई थी. भाभी ललिता समझ रही थी कि रमेश सो रहे है. रमेश बाल्मीक की मौत की खबर से सनसनी फैल गई, देखते ही देखते रिश्तेदारों सहित अन्य लोग एकत्र हो गए, खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी भी पहुंच गए, जिन्हे पूछताछ में पता चला कि पत्नी ललिता मानसिक रुप से अस्वस्थ है, घर का सारा काम रमेश ही करते रहे, तीन दिन से घर में खाना भी नहीं बना था. पत्नी ललिता यही कहती रही कि तीन दिन से सो रहे है तो हम भी भूखे है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम जांच शुरु कर दी है. पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद जो भी तथ्य सामने आएगे उस आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी.



रमेश कुमार

# खाई में गिरी बुलेरो, पति-पत्नी की मौत, 6 घायल, महाकुम्भ से जबलपुर लौट रहा थे लोग



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मैहर रोड पर तेज रफ्तार बुलेरो अनियंत्रि होकर खाई में गिर गई. हादसे में दम्पति की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं परिवार के 6 लोगों को गंभीर चोटें आई है. जिन्हे उपचार के लिए मैहर के सिविल अस्पताल में भरती कराया गया है. हादसा उस वक्त हुआ है जब बुलेरो से सभी लोग महाकुम्भ से जबलपुर अपने घर लौट रहा था.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कालोनी महाराजपुर जबलपुर निवासी वीरेन्द्रसिंह यादव उम्र 60 वर्ष सहित अन्य लोग बुलेरो गाड़ी से प्रयागराज महाकुम्भ से अपने घर रवाना हुए. बुलेरो जब मैहर रोड से गुजर रही थी, इस दौरान चालक सत्यनारायण अपना संतुलन खो बैठा और बुलेरो अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई. खाई में गिरने के कारण वीरेन्द्र सिंह यादव के शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण मौके पर ही मौत हो गई. राह चलते लोगों ने देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए मैहर के सिविल अस्पताल पहुंचाया. जहां पर उपचार के दौरान वीरेन्द्रसिंह की पत्नी विमला देवी की मौत हो गई. वहीं चालक सत्यनारायण पिता लालमणिराम 50 वर्ष, उनकी पत्नी सुशीला देवी 45 वर्ष निवासी महाराजपुर जबलपुर, बेटी प्रीति यादव 23 वर्ष, भरत पिता जानकी प्रसाद साहू 29 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 7 दमोह, चांदनी कुमारी पिता प्रमोद सिंह 11 वर्ष व स्वाति कुमारी पिता ओमप्रकाश 7 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जबलपुर के शरीर पर गंभीर चोटें आई. जिन्हे मैहर अस्पताल में भरती कर लिया गया है. जिसमें एक घायल सुशीला देवी की भी हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है. हादसे की खबर मिलते ही वीरेन्द्र सिंह के अन्य परिजन व रिश्तेदार घटना स्थल पर रवाना हो गए थे.


**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 110/2024-25 दिनांक 17/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती पुष्पलता खरे, पति- श्री वीरेन्द्र कुमार खरे** के द्वारा **वार्ड क्रं. 72 दादा ठनठन पाल वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1000540840 के पंजीकृत स्वामी श्री आशुतोष ठाकुर, पिता श्री दिनेश्वर ठाकुर, के नाम से दर्ज सी-1, कचनार सिटी खसरा नं. 6/36, 8/55 का हिस्सा प्लाट रकवा 932 व.फु., उस पर निर्मित तल मंजिल 850 व.फु., प्रथम मंजिल 850 व.फु., **विक्रय/क्रय** की गई किये सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेजों- **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी ( राजस्व )**
**संभाग क्रमांक 15 सुहागी**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**


# शातिर बदमाश फायर आर्म्स सहित पकड़ा गया, 1 पिस्टल एवं 2 कारतूस जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी गढ़ा श्री प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि रात्रि में मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बालसागर तालाब किनारे आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के सामने गेट के पास खड़ा है जो अपने पास अवैध हथियार पिस्टल रखे है कोई गम्भीर घटना कर सकता है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां तालाब के किनारे झाड़ियों के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खडा दिखा जिसे घेराबदी कर पकड़ा गया जिसने नाम पता पूछने पर अपना दीपेश तिवारी उम्र 32 वर्ष निवासी कैलाशपुरी पहाड़ी बूढ़ी खेरमाई मंदिर के पास गुप्तेश्वर गोरखपुर बताया तलाशी लेने पर एक देशी पिस्टल एवं 2 कारतूस रखे मिला जिसे जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है कि पकड़ा गया आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का है जिसके विरूद्ध कुल 15 अपराध जिसमें से थाना गोरखपुर में 10 एवं थाना गढा में 5 अपराध घर मे घुसकर मारपीट, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट, जुआ एक्ट आदि के पंजीबद्ध है।

उल्लेखनीय भूमिका- शातिर बदमाश को अवैध फायर आर्म्स के साथ रंगे हाथ पकड़ने में उप निरीक्षक अनिल कुमार, आरक्षक अश्वनी, संतोष की सराहनीय भूमिका रही।

### जुए के फड़ों पर छापा, 6 जुआडी गिरफ्तार, नगद 11 हजार रूपये जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी चरगवां उप निरीक्षक अभिषेक प्यासी ने बताया कि रात्रि में मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम देवरी के बाहर मंदिर के पास लाईट की रोशनी में कुछ लोग ताश पत्तों पर रूपये की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी जहां कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपये की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते हुये दिखे जिन्हें घेराबंदी कर पकडा गया

### 17 हजार इनामी कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**हत्या, लूट समेत कई संगीन मामलों में था फरार; इंस्टाग्राम कॉलिंग से देता था धमकी**



जबलपुर-जबलपुर क्राइम ब्रांच ने चार महीने से फरार कुख्यात अपराधी जीत चतुर्वेदी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या, हत्या के प्रयास, अवैध वसूली, मारपीट और जान से मारने की धमकी जैसे कई संगीन अपराधों में लिप्त इस बदमाश पर पुलिस ने 17 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

# एमपी में गायब हुई 7 हजार मीट्रिक टन धान, कलेक्टर ने रोका 23 करोड़ का भुगतान




**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है यहां 7 सोसायटी से करीब 7 हजार मीट्रिक टन धान गायब हो गई है। तौल के हिसाब से धान कम पाए जाने के बाद कलेक्टर ने इस मामले में जांच के आदेश देने के साथ ही 23 करोड़ रूपए का भुगतान रोक दिया है। 7 हजार मीट्रिक टन धान का गायब होने में बड़े घोटाले की आशंका जताई जा रही है। अब जांच पूरी होने का इंतजार है और तब ही पता चल पाएगा कि गड़बड़ी कहां और कैसे की गई है?

जबलपुर की 7 सोसायटियों में तौल के हिसाब से 7 हजार मीट्रिक टन धान कम होने की जानकारी मिलते ही कलेक्टर दीपक सक्सेना ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि जिन जिन सोसायटियों में धाम कम मिली है उनकी जांच के लिए टीम गठित की गई है। इन सोसायटियों में 2 से 3 सोसायटी ऐसी हैं जिनमें पहले भी गड़बड़ियां सामने आती रही हैं।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08, भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 15.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मनीष ब्राम्हणे, पिता- ज्ञानेश्वर** ने भवन/ क्रमांक 1227/1 हिस्सा **वार्ड राधा कृष्णा वार्ड,** भूतल 1500 व.फु. कमर्शियल, 100 व.फु. रहवास, **शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1227/1 हिस्सा पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-08 भानतलैया**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08, भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 15.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रामरानी रैकवार, पति- स्व. श्री रज्जन रैकवार** ने भवन/ क्रमांक 02 **वार्ड खेरमाई वार्ड,** भूतल 1300 व.फु. किराये पर, 300 व.फु. आवास, **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 02 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-08 भानतलैया**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04, छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/304 2024-25 दिनांक 17/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000503899 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री रामचन्द्र गणेश साने** के स्थान पर आवेदक **श्री मनोज मुकुन्द भावे, पिता स्व. श्री मुकुन्द गोपाल भावे** ने **मकान नं. 870, वार्ड क्र.-14 ,............ वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 1625 व.फु. खुलीभूमि, **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04, छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/303 2024-25 दिनांक 17/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000509844 में पंजीकृत भवन स्वामी **इमरती बाई** के स्थान पर आवेदक **सुनीता झारिया, पिता- स्व. श्री पूरन लाल झारिया** ने **मकान नं. 912, वार्ड क्र.-...., पं. बनारसी दास भनोत वार्ड,** भूतल 574 व.फु., **दस्तावेज- मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, वसीयतनामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04, छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/302 2024-25 दिनांक 17/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000509624 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री सरदार बलजीत सिंह, पितास्व. श्री सरदार राम सिंह** के स्थान पर आवेदक **1. श्री दिलीप सिंघ, 2. श्री कुलदीप सिंघ, 3. श्री बलविन्दर सिंघ, तीनों के पिता स्व. श्री सरदार बलजीत सिंघ** ने **मकान नं. 1671, वार्ड क्र.-...., जार्ज डिसिल्वा वार्ड,** भूतल 649 व.फु., प्रथमतल 649 व.फु., द्वितीयतल 649 व.फु., **दस्तावेज- मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04, छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/301 2024-25 दिनांक 17/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000622120 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री एस.के. गुप्ता, पिता स्व. श्री टी.सी. गुप्ता** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती शीला गुप्ता, पति स्व. श्री श्रीचंद्र कुमार गुप्ता एवं श्री शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, पिता स्व. श्री श्रीचंद्र कुमार गुप्ता** ने **मकान नं. 731/1 ए, वार्ड क्र.-10,........ वार्ड,** भूतल 890 व.फु., प्रथमतल 800 व.फु., **दस्तावेज- मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04, छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/300 2024-25 दिनांक 17/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000510277 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती श्यामा अधिकारी, पति- स्व. श्री सुरेश अधिकारी** के स्थान पर आवेदक **श्री पवन कुमार चक्रवर्ती, पिता- स्व. श्री मुरारी लाल चक्रवर्ती** ने **मकान नं. 1333/16 ब, वार्ड क्र.-13,........ वार्ड,** क्षेत्रफल 1500 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04, छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/299 2024-25 दिनांक 17/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1001979737 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती प्रीति विश्वकर्मा, पति श्री शिव प्रसाद विश्वकर्मा** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती सीता गढेवाल, पति - स्व. श्री कृष्णा गढेवाल** ने **मकान नं. 1092 वार्ड क्र.-14,........ वार्ड,** क्षेत्रफल 300 व.फु., भूतल 300 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/एम/310/ दिनांक 17.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री नन्द लाल भागचंदानी, पिता- स्व. श्री एस.एम. भागचंदानी एवं श्रीमती दीपिका भागचंदानी** ने भवन क्रंमाक. 1233/2 डी **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** प्लाट 1906 व.फु., भूतल 1050 व.फु., प्रथमतल 1000 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 1233/2 डी **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- डॉ. सतीश असरानी एवं श्रीमती कंचन असरानी के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं-03 रामपुर**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2, कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 395 दिनांक 17.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती प्रज्ञा दुबे, पति- श्री दिवाकर दुबे** ने मकान नं. 820/1 , सम्पत्ति पिन नं. 1000617133 **वार्ड कमला नेहरू- 19 वार्ड ,** भूतल 1300 व.फु., प्रथमतल 1300 व.फु., द्वितीयतल 1300 व.फु., **दानपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2, कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 394 दिनांक 17.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री डॉ.डी.आर. मानवटकर, पिता-स्व. श्री दयाराम मानवटकर, 2. डॉ. तरंग मानवटकर, पिता श्री डॉ.डी.आर. मानवटकर, 3. डॉ. ध्वनि मानवटकर, पिता श्री डॉ.डी.आर. मानवटकर,** ने मकान नं. 828/ए , सम्पत्ति पिन नं. 1000619375 **वार्ड कमला नेहरू- 19 वार्ड ,** क्षेत्रफल 2400 व.फु., भूतल 1100 व.फु., प्रथमतल 1100 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2, कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 393 दिनांक 17.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री वीरेन्द्र शंभरकर, पिता- स्व. श्री रामदास शंभरकर** ने मकान नं. 561 , सम्पत्ति पिन नं. 1000617732 **वार्ड कमला नेहरू- 19 वार्ड ,** भूतल 1000 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/25/एम/232 दिनांक 17.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि 1. **श्री नीलेश जैन, 2. श्री शैलेश जैन ,3. श्री आशीष जैन, पिता- जिनेन्द्र जैन** ने मकान नं. 1454, **वार्ड चेरीताल वार्ड,** क्षेत्रफल 1700 व.फु. प्लाट , **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/25/एम/231 दिनांक 17.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि 1. **श्री नीलेश जैन, 2. श्री शैलेश जैन ,3. श्री आशीष जैन, पिता- जिनेन्द्र जैन** ने मकान नं. 1454/ए , **वार्ड चेरीताल वार्ड,** क्षेत्रफल 1630 व.फु. प्लाट , **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/25/एम/230 दिनांक 17.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सरिता राय, पति- श्री आशीष राय एवं श्री आशीष राय, पिता- के.एल.राय** ने मकान नं. 2890/ पी-72, **वार्ड जयप्रकाश नारायण वार्ड,** भूतल 720 व.फु., प्रथमतल 720 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/25/एम/229 दिनांक 17.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री ऋषि सिंघई, पिता- पूरन चंद सिंघई** ने मकान नं. 2890/ एम.आई.जी. 90, **वार्ड जयप्रकाश नारायण वार्ड,** भूतल 817 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999